**आज का दिन**

25 अगस्त, 1957 को भारतीय पोलो टीम ने फ्रांस में आयोजित विश्व पोलो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। यह जीत अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भारतीय पोलो की ताकत और प्रतिष्ठा का बड़ा प्रमाण बनी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 170 | रांची, मंगलवार, 25 अगस्त 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com










# अंतिम सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब

एजेंसी

देवघर। सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर और बाबा बासुकीनाथ धाम, दुमका में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए हैं। भगवान बैद्यनाथ मंदिर के सरदार पंडा गुलाब नंद झा ने कहा कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ के लिए विशेष महत्व रखता है। सावन की सोमवारी को बाबा पर जल, बेलपत्र और सच्ची आस्था के साथ जलाभिषेक करने की धार्मिक मान्यता है। इसी आस्था के कारण अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा धाम पहुंचे हैं। देवघर के उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि पिछली सोमवारी की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। प्रशासन की ओर से सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि रात से ही पुलिसकर्मी और पदाधिकारी श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराने में जुटे हैं। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।



52 लाख से अधिक श्रद्धालु कर चुके जलाभिषेक

**सुबह 4.30 बजे खुला मंदिर का पट**

अंतिम सोमवारी को बाबा बैद्यनाथ मंदिर का पट सुबह 4.30 बजे खोला गया। पट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के शिवलिंग पर जलार्पण शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से मंदिर तक पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। अंतिम सोमवारी के अवसर पर राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा भी देवघर पहुंचीं और बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण भी किया।

**बासुकीनाथ में भी उमड़ी भीड़**

सावन की अंतिम सोमवारी पर दुमका जिले के प्रसिद्ध फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ धाम में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बोल बम कांवरियों के साथ भागलपुर के बरारी घाट से गंगाजल लेकर हंसडीहा के रास्ते पहुंचने वाले बड़ी संख्या में डाकबम श्रद्धालु भी **बाबा बासुकीनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।**

संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह चौकस है। मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वार तथा मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। बासुकीनाथ मंदिर का पट सुबह तीन बजे खोला गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कराया गया और अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया गया। हंसडीहा के रास्ते पहुंचने वाले डाकबम श्रद्धालुओं को टोकन देकर पेड़ा गली द्वार से सीधे मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है। झारखंड सहित अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं में बाबा बासुकीनाथ के दर्शन को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

## झारखंड में प्याज की बढ़ती कीमतों से विक्रेता से लेकर आम लोग परेशान

रांचीः देश भर में जहां एक ओर चीनी की बढ़ती कीमतों ने लोगों के जेबों पर संकट ला दिया है. वहीं झारखंड में चीनी के साथ ही प्याज की बढ़ी हुई कीमतें भी रूलाने लगी हैं. पिछले एक महीने में प्याज की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो गई हैं और सब्जी विक्रेताओं का मानना है कि ये कीमतें और भी बढ़ सकती हैं. जाहिर है कि चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद, प्याज की कीमतों में उछाल आम आदमी की जेब पर दोहरी मार डाल रहा है. प्याज हर किसी के खाने का एक जरूरी और अहम हिस्सा है और इस वजह से आम आदमी को अब अपनी आमदनी और खर्चों को संभालने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. प्याज की कीमतों में दोगुनी बढ़ोतरी रांची सहित झारखंड के विभिन्न सब्जी बाजार में प्याज की कीमतें दोगुनी हो गई हैं. 24 जुलाई को जो प्याज 25झ30 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा था, वह अब 60झ65 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है. प्याज की कीमतें अचानक क्यों बढ़ रही हैं और क्या दरों में कमी की कोई उम्मीद है, यह जानने के लिए रांची के पंडरा स्थिति कृषि बाजार समिति के थोक बाजार मंडी का जायजा लिया गया. साथ ही झारखंड आलू-प्याज विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद से बात की गई.




## हसदेव अरण्य मामले में आदिवासियों के वन अधिकारों पर केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब



एजेंसी

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड से जवाब मांगा है. अदालत ने यह कदम परसा ईस्ट और केते बासेन कोयला ब्लॉक के पास स्थित एक गांव के निवासियों के 'सामुदायिक वन अधिकारों' (कम्युनिटी फॉरेस्ट राइट्स) को लागू करने की मांग वाली याचिका पर उठाया है. यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ के सामने आया. छत्तीसगढ़ में सामुदायिक वन अधिकार स्थानीय आदिवासी समूहों और जंगल में रहने वाले लोगों को अपनी पारंपरिक वन भूमि की रक्षा करने, उसका प्रबंधन करने और उसका उपयोग करने की कानूनी शक्ति देते हैं. शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इस याचिका पर नोटिस जारी होने से राज्य में फ्र्रवठछ की ओर से ढएड्ड कोयला ब्लॉक में चल रही खनन गतिविधियां प्रभावित नहीं होंगी. पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सी.यू. सिंह की दलीलों पर विचार करने के बाद यह बात कहीं. पीठ ने कहा कि वह यह पता लगाने के लिए नोटिस जारी कर रही है कि क्या इस मामले में कोई सामुदायिक वन अधिकार मौजूद था. पीठ ने आगे कहा कि यदि इसका उत्तर 'हां' है, तो उस अधिकार को लागू करने के रास्ते तलाशने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं. दलीलें सुनने के बाद, पीठ ने 'हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति' और छह अन्य लोगों की याचिका पर केंद्र, राज्य सरकार, और सरगुजा की जिला स्तरीय वन अधिकार समिति को नोटिस जारी किया.

## मुख्यमंत्री सोरेन ने माइग्रेंट सेल को दिया निर्देश

### प्रवासी मजदूर रामेश्वर दास की वतन वापसी की उम्मीद जगी




**सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से लगाई थी मदद की गुहार**

बरही। गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड अंतर्गत अटका निवासी प्रवासी मजदूर रामेश्वर दास की सुरक्षित वतन वापसी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले पर संज्ञान लेते हुए रांची माइग्रेंट सेल को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सेल ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है, जिससे रामेश्वर के परिजनों में उनकी वापसी को लेकर उम्मीद जगी है। बताया जाता है कि रामेश्वर दास करीब चार माह पूर्व रोजी-रोटी की तलाश में दुबई गए थे। वहां जाने के बाद से ही वे परेशानियों का सामना कर रहे थे। पिछले करीब पांच दिनों से परिजनों का उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। संपर्क टूटने से परिवार की चिंता बढ़ गई थी और परिजनों ने उनकी सुरक्षित वापसी के लिए सरकार से मदद की अपील की थी। मामले की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं झारखंड सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया और रामेश्वर दास की सुरक्षित वतन वापसी के लिए हस्तक्षेप की मांग की। मामले पर मुख्यमंत्री की ओर से त्वरित संज्ञान लेते हुए माइग्रेंट सेल को कार्रवाई का निर्देश दिए जाने के बाद संबंधित स्तर पर प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी है। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रवासी मजदूर की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार की पहल सराहनीय है।









## चारधाम यात्रा के दूसरे चरण की तैयारियां शुरू



देहरादूनः उत्तराखंड में मानसून अपने अंतिम चरण में है. मानसून की विदाई के साथ ही चारधाम यात्रा 2026 भी रफ्तार पकड़ेगी. बारिश का दौर थमते हुए केदारनाथ हेली सर्विस भी शुरू होगी. यदि मौसम ने साथ ही दिया तो अगले महीने 15 सितंबर से केदारनाथ के लिए हेली सेवा फिर शुरू हो सकती है. 125 दिन में 48 लाख के पार पहुंची श्रद्धालुओं की संख्याः चारधाम यात्रा के पहले चरण ने इस बार रिकॉर्ड कायम किए हैं. 21 अगस्त तक 48 लाख चार हजार 897 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं. पिछले वर्ष इसी अवधि में 42 लाख 82 हजार 263 श्रद्धालु पहुंचे थे. इस तरह इस वर्ष अब तक पिछले साल की तुलना में 5 लाख 22 हजार 634 यात्री अधिक चारधाम पहुंच चुके हैं.

# वाईबीएन विश्वविद्यालय में श्रावण की सांस्कृतिक विरासत पर मंथन




**दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का पहला दिन संपन्न, कला प्रतियोगिता और डीसी हैंडीक्राफ्ट, लघु कुटिल उद्योग और वाई बी एन प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लिया भाग**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांची। वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची के संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग की ओर से क्द्धअउ के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का पहला दिन सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला का विषय ह्लश्रावण मास की सांस्कृतिक विरासत : साहित्य, कला एवं संगीतह्व है। कार्यक्रम का आयोजन 24 और 25 अगस्त को द अंजुरम ग्रैंड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, शिव वंदना और कथक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष सह संयोजक डॉ. रूपा सिन्हा और संगीत की छात्रा मधुश्री ने ह्लवाइब्रेशनल हीलिंगह्व पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर डॉ. रूपा सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया।

**लोक और शास्त्रीय संगीत पर चर्चा**

कार्यशाला के तकनीकी सत्र में डॉ. रूपा सिन्हा और डॉ. शीतल उरांव ने मल्हार, कजरी, झूला और सावन गीतों पर शास्त्रीय गायन कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी ने सावन और लोक संस्कृति से जुड़े विषयों पर विशेष व्याख्यान दिया। डॉ. मधुमंती ने सावन की जैव-सांस्कृतिक कथा पर विचार रखे। वाराणसी से आए वेदविभूषण आचार्य हिसाथ मिश्रा ने सामवेदीय संगीत परंपरा की जानकारी दी। कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार, रक्क्रू रांची के श्री राजीव रंजन, डॉ. योगेश महतो और डॉ. आरती गुप्ता ने वर्षा ऋतु, नागपुरी लोक संगीत तथा साहित्य और संगीत के अंतसंर्बंधों पर व्याख्यान दिया।

**कला प्रतियोगिता और प्रदर्शनी आयोजित**

कार्यशाला के दौरान सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक कला प्रतियोगिता और कला दीर्घा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सावन, वर्षा और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा से जुड़े विषयों पर कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2,000, 1,100 और 500 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक चेयरमैन श्री रामजी यादव, कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार और सीएमडी डॉ. अंकिता यादव हैं। डॉ. रूपा सिन्हा कार्यशाला की संयोजक हैं। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रख्यात संतूर वादक चिरादिप सरकार ह्यद वॉयस ऑफ सावनह्न विषय पर प्रस्तुति देंगे। रांची विश्वविद्यालय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. सरस्वती मिश्रा सावन मास के सौंदर्यशास्त्रीय महत्व पर व्याख्यान देंगी। दोपहर 12:30 बजे से शाम चार बजे तक ह्यसावन महोत्सव–रंग, राग, रौनकह्न का आयोजन होगा। इसमें पारंपरिक खेल, नाटक, नृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता और कला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन मिस पिंकी और सुश्री निकिता तिवारी के नेतृत्व में होगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने रांची और आसपास के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा सरकारी विभागों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## खेल कोच और खिलाड़ियों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर किया सम्मानित



अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें बुके देकर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने ग्रामीण क्षेत्र में नियमों के अनुरूप एवं अनुशासित तरीके से क्रिकेट टूनामेंट के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। टूनामेंट के अध्यक्ष रवि लोहरा ने बताया कि सात दिनों तक लगातार चलने वाले इस टूनामेंट में झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम के लिए 11,000 रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के

## नक्षत्र वन से पहाड़ी मंदिर तक बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा, महाकाल बाबा का किया जलाभिषेक



उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। नन्हे-नन्हे कांवड़ियों के ह्यबोल बम, बोल बमह्न के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किए सैकड़ों बच्चों ने नक्षत्र वन से हाथों में कांवड़ लेकर पैदल यात्रा की और रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचकर महाकाल बाबा का जलाभिषेक किया। नक्षत्र वन से सभी बाल कांवड़ियों एवं शिव-पार्वती के बाल स्वरूप को विधायक सीपी सिंह, विजय पाठक, दिव्यानंद स्वामी, राजेश साहू, बादल सिंह के द्वारा आरती कर पहाड़ी मंदिर के लिए विदा किया गया। बाल कांवड़ यात्रा के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नन्हे कांवड़िए भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए पूरे जोश और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बाल कांवड़ियों का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यात्रा में शिव-पार्वती के बाल स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बाल स्वरूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं ढोल और ताशे की धुन पर श्रद्धालु एवं आयोजन से जुड़े लोग झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। नक्षत्र वन से प्रारंभ हुई यात्रा रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां सभी बाल कांवड़ियों ने विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भगवान

## पहाड़ी मंदिर परिसर मे नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं पूजन सामग्री भी वितरण




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रांचीः सावन के आखिरी सोमवारी के अवसर स्वयं सेवी संस्था मार्ग के तत्वावधान में पहाड़ी मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं बेलपत्र,दुध,पुष्प आदि पूजन सामग्री का भी निःशुल्क वितरण किया गया। रांची सदर हॉस्पिटल एवं रांची नगर निगम स्वास्थ्य शाखा के टीम के निर्देशन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसका लाभ काफी लोगों ने उठाया।मेडिकल टीम द्वारा लोगों को स्वास्थ्य जांच के साथ खान-पान रहन-सहन की परामर्श भी दी जाएगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्ग संस्था के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया उन्होंनें कहा संस्था द्वारा आगे भी सहायता शिविर आयोजित की जाएगी वहीं संस्था के सचिव राहुल राज ने शिविर के सफल आयोजन के लिए पहाड़ी मंदिर समिति एवं मेडिकल टीम को बधाई दिए। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे वार्ड पार्षद 29 सुनील यादव,छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा भी मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से नेहा सिंह, आभाश्री, स्वेता कुमारी,सलोनी कुमारी आदि एवं मेडिकल टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पारस एचईसी हॉस्पिटल में प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित 73 वर्षीय मरीज की रीढ़ की सफल सर्जरी

**पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर के कारण चलने-फिरने में थी परेशानी**

**स्पाइनल स्टेबलाइजेशन सर्जरी के बाद मिली राहत**



रांचीः पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची में चिकित्सकों ने प्रोस्टेट कैंसर के पूर्व इतिहास वाले 73 वर्षीय मरीज की रीढ़ की हड्डी के गंभीर पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर की सफल सर्जरी की। मरीज सुरेश कुमार छेत्री को गंभीर पीठ दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। हॉस्पिटल में मरीज की विस्तृत जांच की गई। जांच में रीढ़ की हड्डी के डी12 वर्टीब्रा में फ्रैक्चर पाया गया। मरीज के पूर्व में प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी भी सामने आई। चिकित्सकीय मूल्यांकन में डी12 वर्टीब्रा का फ्रैक्चर पैथोलॉजिकल फ्रैक्चर पाया गया, जिसके कारण मरीज को अत्यधिक दर्द और चलने-फिरने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम ने मरीज की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन करने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया। इसके बाद जनरल एनेस्थीसिया के तहत डी12 वर्टीब्रा की स्पाइनल स्टेबलाइजेशन सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उनके दर्द में भी राहत मिली। हॉस्पिटल के डॉ अरुण कुमार एवं उनकी टीम की निगरानी में रखने के बाद करीब पांच दिनों में मरीज को स्वस्थ स्थिति में अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस मामले में डॉ अरुण कुमार ने कहा कि हर मरीज का उचित और विस्तृत मूल्यांकन बेहद जरूरी है। खासकर लगातार रहने वाले पीठ दर्द को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसके पीछे गंभीर कारण भी हो सकते हैं। मरीज की उम्र और पूर्व में प्रोस्टेट कैंसर का इतिहास होने के कारण यह मामला चुनौतीपूर्ण था। उचित जांच और समय पर उपचार के बाद सफलतापूर्वक सर्जरी की गई, जिससे मरीज को दर्द से राहत मिली और उनकी स्थिति में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि लगातार या गंभीर पीठ दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। विशेषकर कैंसर के इतिहास वाले मरीजों में रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या की समय पर जांच और उचित उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ अरुण ने कहा कि मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों की टीम ने समय पर जांच और उपचार का निर्णय लिया। रीढ़ की हड्डी से जुड़ी ऐसी जटिल स्थितियों में सटीक निदान, विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम और समय पर सर्जिकल हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ जटिल मामलों के उपचार के लिए अनुभवी चिकित्सकीय टीम लगातार कार्य कर रही है। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस एचईसी हॉस्पिटल में जटिल और गंभीर चिकित्सा मामलों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, आधुनिक तकनीक और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का समन्वय किया जा रहा है।

## स्वर्णकार सावन महोत्सव-26 : झारखंड की धरती पर पहली बार भव्य आयोजन, 300 से अधिक महिलाओं ने बढ़ाया समारोह का उत्साह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रांची। अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन, रजि. झारखंड की ओर से रविवार को होटल बिशु पैलेस, हटिया में ह्लस्वर्णकार सावन महोत्सव-2026ह्व का भव्य आयोजन किया गया। झारखंड की धरती पर पहली बार आयोजित इस भव्य पारिवारिक एवं सांस्कृतिक समारोह में समाज की महिलाओं, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं और अपनी प्रतिभा व उमंग से समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी, धर्मेंद्र सोनी एवं संगठन के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही रंगारंग सावन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। सावन के रंग में रंगे इस समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सावन गीतों सहित विभिन्न लोकप्रिय गानों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे समारोह में उत्साह एवं उमंग का माहौल बना दिया। महिलाओं की शानदार भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में समाज की महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान समाज एवं संगठन के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में शामिल सभी महिलाओं को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले सभी सदस्यों एवं महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

**समारोह में मौजूद रहे समाज के गणमान्य पदाधिकारी**

इस भव्य आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी, रमेश बाली, मनोज सोनी, शंभू प्रसाद, रविन्द्र नाथ साहू, बद्री प्रसाद, भोला जी,शिव बालक, अजय प्रसाद पिंटू, त्रिभुवन प्रसाद, अरुण वर्मा, दिनेश प्रसाद, दिगम्बर प्रसाद, पंकज प्रसाद, डॉ. पंकज सोनी, गोपाल प्रसाद, राजेश सोनी, राजेश कुमार, पिया बर्मन, नम्रता सोनी, पारस सोनी, अरुण कुमार, उमेश प्रसाद, लक्ष्मी नारायण स्वर्णकार, सुरेश प्रसाद, पार्षद बबली सोनी एवं रमेश बर्मन सहित समाज के अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि 'स्वर्णकार सावन महोत्सव-2026' का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के परिवारों को एकजुट करना, सामाजिक एवं पारिवारिक एकता को मजबूत करना तथा महिलाओं और समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी ने आयोजन की सफलता को और खास बना दिया। समारोह के दौरान स्वर्णकार समाज की एकजुटता, सामाजिक भाईचारे एवं पारिवारिक संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली। पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी, झारखंड पत्रकार सुनील पोद्दार ने कहा कि स्वर्णकार सावन महोत्सव-2026 समाज के लिए एक नई और महत्वपूर्ण पहल है। 300 से अधिक महिलाओं की भागीदारी, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग और सभी की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज के परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट के नोटिस पर भाजपा को उतावला होने की जरूरत नहीं, केंद्र और राज्य दोनों को नोटिस : आलोक कुमार दूबे

रांची। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए जाने को भाजपा अपनी राजनीतिक जीत बताकर छात्रों और युवाओं को गुमराह करने की कोशिश न करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य दोनों पक्षों को नोटिस दिया है, इसलिए भाजपा को इतना उतावला होने की जरूरत नहीं है। न्यायालय की प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाने से भाजपा बाज आए। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का नोटिस किसी पक्ष को दोषी ठहराने का फैसला नहीं है। न्यायालय में मामला विचाराधीन है और अंतिम निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आएगा। भाजपा नेताओं को न्यायालय की कार्यवाही को अपनी सुविधा के अनुसार राजनीतिक रंग देने के बजाय संवैधानिक संस्थाओं और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज झारखंड हाईकोर्ट में जेपीएससी की दो परीक्षाओं से जुड़े मामले में भी सरकार का पक्ष जारी रहा है। वहीं दूसरे और तीसरे जेपीएससी से जुड़े मामलों की सीबीआई जांच भी अभी तक पूरी नहीं हुई है। इन मामलों की जांच की स्थिति और उससे जुड़े तमाम तथ्य निश्चित रूप से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष भी रहेंगे। ऐसे में भाजपा द्वारा अभी से किसी निष्कर्ष पर पहुंच जाना केवल राजनीतिक जल्दबाजी है।

### बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा के खिलाफ किशोरियों और अभिभावकों को किया जागरूक




महूदा। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेलाखोंदा में बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा की रोकथाम को लेकर किशोरियों एवं उनके अभिभावकों के साथ एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 40 किशोरियों एवं उनकी माताओं ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं डिजिटल हिंसा के बढ़ते खतरे पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है और इसके कारण किशोरियों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और कम उम्र में विवाह न करें। शंकर रवानी ने डिजिटल युग में बच्चों एवं किशोरियों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल जरूरी है। अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत, निजी जानकारी साझा करना, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना तथा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में चुप नहीं रहना चाहिए। कार्यशाला में झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, ट्रस्टी ज्योति कुमारी, परियोजना समन्वयक पूजा कुमारी एवं गुलनाज बानो ने भी संबोधित करते हुए बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वक्ताओं ने किशोरियों एवं माताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी तरह की समस्या होने पर परिवार, शिक्षक एवं संबंधित संस्थाओं से सहयोग लेने की अपील की। कार्यशाला के दौरान किशोरियों एवं अभिभावकों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सवालों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह को रोकने के साथ-साथ किशोरियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित एवं जागरूक बनाना रहा।

### टोटो हटाने को लेकर विवाद, दुकानदार से मारपीट; विरोध में निरसा बाजार की दुकानें बंद



निरसा बाजार। सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे निरसा-जामताड़ा रोड स्थित एक मनिहारी दुकान के सामने टोटो खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। आरोप है कि खटाल के कुछ युवकों ने दुकान में बैठे दुकानदार मोहम्मद गुलाम (35) के साथ मारपीट की। बताया जाता है कि मोहम्मद गुलाम अपनी दुकान में बैठे थे। इसी दौरान उनकी दुकान के सामने खटाल के एक युवक ने टोटो खड़ा कर दिया। टोटो हटाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि खटाल के दो-तीन अन्य युवक भी वहां पहुंच गए तथा मोहम्मद गुलाम के साथ मारपीट करने लगे।आसपास के कुछ दुकानदारों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया।घटना के दौरान दो युवक मौके से भागने में सफल रहे, जबकि एक युवक को पकड़कर निरसा पुलिस के हवाले किया गया। घटना की जानकारी निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स को भी दी गई। घटना के विरोध में गांधी बाजार एवं जामताड़ा रोड के कई दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानें बंद कर दीं और प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।मोहम्मद गुलाम ने घटना को लेकर निरसा थाना में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। टोटो चालकों पर सड़क जाम करने का आरोप घटना के बाद दुकानदारों ने आरोप लगाया कि सड़क के दोनों किनारों पर टोटो चालक दिनभर वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। पैदल चलने वाले लोगों और अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।दुकानदारों का कहना है कि जब वे सड़क पर वाहन खड़ा करने से मना करते हैं तो कुछ लोग गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से ऐसे मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लेने और बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।दुकानदारों ने कहा कि वे शांतिपूर्वक अपना व्यवसाय कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बाजार में भय का माहौल नहीं होना चाहिए और दुकानदारों को सुरक्षा मिलनी चाहिए। निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि प्रशासन घटना की निष्पक्ष जांच करे और जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आए दिन दुकानदारों के साथ ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए प्रशासन को अपने स्तर से पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुकानदार शांतिप्रिय हैं और व्यवहार ही उनकी पहचान है। प्रशासन से आग्रह है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे तथा बाजार क्षेत्र में दुकानदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### जनता दरबार में दिव्यांग को मिली इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल

रांची। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजनों को शिकायतों के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। जनता दरबार में दिव्यांग कार्तिक खलखो ने आवागमन में परेशानी बताते हुए इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल की मांग की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल उन्हें इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल प्रदान की। साथ ही दिव्यांगता पेंशन के लिए आवेदन भी लिया गया।

# भू-अर्जन कार्यालय की समीक्षा में डीसी ने योजनाओं को गति देने का दिया निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रामगढ़।** जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन कार्यालय के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बैठक में एनएचएआई, भारतमाला परियोजना, चुटूपालू घाटी, बरलांगा-कसमार, ललकीघाटी और एनएच-33 (मांडू) क्षेत्र से संबंधित भूमि अधिग्रहण, वंशावली सत्यापन एवं रैयतों के लंबित मुआवजा भुगतान की अद्यतन स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीसी ऋतुराज ने प्रभावित रैयतों के लंबित मुआवजा भुगतान का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से रैयतों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए उन्हें उनके अधिकार का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने रैयतों की वंशावली, भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन करने तथा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा राशि सीधे बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने चुटूपालू घाटी एवं ललकीघाटी में सड़क सुरक्षा और चौड़ीकरण, एनएच-33 (मांडू), बरलांगा-कसमार एवं भारतमाला परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन की बाधाओं एवं सीमांकन विवादों का अविलंब समाधान करने को कहा। उन्होंने पथ निर्माण विभाग और संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। डीसी ऋतुराज ने कहा कि विकास परियोजनाओं को गति देना तथा प्रभावित रैयतों को समय पर उचित मुआवजा एवं अन्य लाभ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। भू-अर्जन प्रक्रिया एवं मुआवजा भुगतान में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग और एनएचएआई के प्रतिनिधि, संबंधित अंचलाधिकारी एवं भू-अर्जन शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## राजस्व, नीलाम पत्र वाद और आपदा प्रबंधन की डीसी ने की समीक्षा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ।** डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में सोमवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान बैठक में राजस्व संग्रहण, दाखिल-खारिज, नीलाम पत्र वाद, परिशोधन पोर्टल सहित अन्य राजस्व मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। राजस्व संग्रहण की समीक्षा के दौरान डीसी ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित विभिन्न विभागों से प्राप्त राजस्व लक्ष्य और उसके विरुद्ध हुई उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अगले एक माह तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नियमित निगरानी करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के दौरान डीसी ने जिला एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों तथा सभी अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने संभावित प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए सतर्कता बरतने, राहत एवं बचाव कार्यों की पूर्व तैयारी रखने और आपदा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आमजनों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा करते हुए डीसी ने सेवा का अधिकार अधिनियम का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने और सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अंचलों में न्यायालय से संबंधित मामलों की कॉज लिस्ट नियमित रूप से अपडेट रखने को कहा, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधी सेवाओं एवं दस्तावेज सुधार से जुड़े आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## एचईसी कर्मियों की बैठक में संसदीय समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग

**रांची।** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के नेहरू पार्क में सोमवार को एचईसी कर्मचारियों की बैठक सभा हुई। बैठक में एचईसी कर्मियों के भविष्य से जुड़े कई गंभीर और लंबित मुद्दों पर ठोस रणनीति तैयार की गई। यूनियन के अध्यक्ष शनि सिंह ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि संसदीय समिति अपनी रिपोर्ट जो भी दे, भारत सरकार उसे बिना किसी विलंब के धरातल पर लागू करे। कर्मचारियों के हितों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान, वर्ष 2018 बैच के कर्मियों की रुकी हुई प्रोन्नति, पारस अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा सुविधा की बहाली, एचईसी परिसर के विद्यालयों में 12 वीं कक्षा तक के बच्चों की पूरी फीस माफी और नियमानुसार आवास आवंटन जैसे गंभीर विषयों पर प्रबंधन को ठोस रूप से ध्यान देने की जरूरत है। सभा को संबोधित करते हुए एचईसी श्रमिक संघ यूनियन के सचिव उमा शंकर सिंह ने संसदीय समिति की बैठक का विवरण साझा किया। उन्होंने कर्मचारियों को समिति के समक्ष उठाए गए सभी प्रमुख बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी।

## खूंटी पुलिस को मिले 14 नए बोलेरो वाहन, एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और गश्ती व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में खूंटी पुलिस को बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार की ओर से जिला पुलिस को उपलब्ध कराए गए 14 नए बोलेरो वाहनों को सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने पुलिस कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर विभिन्न थानों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि जिले के सभी थानों को एक-एक नया बोलेरो वाहन सौंपा गया है। इन वाहनों के बेड़े में शामिल होने से पुलिस बल को जिले के सुदूरवर्ती और ग्रामीण इलाकों तक पहुंचने में सहूलियत होगी, जिससे अपराध नियंत्रण और त्वरित गश्त में मदद मिलेगी। एसपी ने बताया कि आने वाले दिनों में खूंटी पुलिस को 18 नई बाइकें भी मिलने वाली हैं, जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बाइक मिलने से पुलिसकर्मी दुर्गम और संकरे रास्तों वाले इलाकों में कम समय में पहुंच सकेंगे, जिससे आम जनता को आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ माह पूर्व भी जिले को 14 बोलेरो और 12 बाइक उपलब्ध कराई गई थीं। पुलिस संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर देते हुए एसपी ने कहा कि थानों में पहले से मौजूद पुराने वाहनों की मरम्मत कराई जा रही है ताकि संसाधनों का बेहतर और पूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस का मुख्य लक्ष्य खूंटी को अपराधमुक्त बनाना और नागरिकों को पूरी तरह सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान एसपी ऋषभ गर्ग ने खूंटीवासियों से जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। सड़क सुरक्षा तभी संभव है जब आम लोग भी यातायात नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।

## एक नजर

### नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने सर्कुलर रोड में 10 अस्थाई संरचनाओं को हटाया



**रांची।** रांची नगर निगम ने राजधानी में व्यवस्थित यातायात, सुरक्षित आवागमन और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। निगम की इंफोर्समेंट टीम ने विमेंस कॉलेज और सेंट जेवियर्स कॉलेज के आसपास सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों से अस्थायी संरचनाओं और सड़क किनारे सामान बेचने वालों को हटाया। अभियान के दौरान विमेंस कॉलेज के साइंस ब्लॉक के पास सड़क पर बनी 10 अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया तथा दो ठेले जब्त किए गए। इसके बाद सर्कुलर रोड स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज के सामने भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां से तीन काउंटर, दो टेबल सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के दौरान सड़क और पैदल आवागमन के लिए निर्धारित स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराया। निगम के अनुसार, इससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन में सुविधा मिलेगी। अभियान के दौरान संबंधित लोगों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि सड़क, फुटपाथ या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित वातावरण, पैदल यात्रियों के लिए सुगम मार्ग और आम नागरिकों के लिए निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना है। निगम ने दुकानदारों और आम लोगों से सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करने की अपील की है।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर गेरुआ रंग में रंगा बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर

**खूंटी।** पवित्र सावन की अंतिम सोमवारी पर प्रसिद्ध आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों का सैलाब इस प्रकार उमड़ा की व्यवस्था बनाने में प्रशासन और प्रबंध समिति को काफी मशक्कत करना पडा। अंतिम सोमवारी को एक लाख से अधिक श्रद्धांलुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। रविवार रात से ही धाम परिसर गेरुआमय हो गया। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। आस्था का आलम यह था कि रविवार रात 10 बजे से ही कांवरियों का जत्था धाम पहुंचने लगा था। रात 2 बजते-बजते पूरा धाम परिसर केसरिया रंग में रंग गया। चारों ओर बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा इलाका गूंजायमान हो रहा था। बाबा पर जल चढ़ाने के लिए प्रवेश द्वार से लेकर गर्भगृह तक लंबी कतार लग गई थी। भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता देख आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति ने बड़ा फैसला लिया। सरकारी पूजा आधा घंटा पहले संपन्न कराकर सुबह 3:30 बजे ही मंदिर का पट खोल दिया गया। जैसे ही दर्शन के लिए द्वार खुले, श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। बोल बम का नारा और बुलंद हो गया। भक्त बेलपत्र, अक्षत, गंगाजल और दूध लेकर गर्भगृह में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने लगे। यह सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा। कतारें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थीं। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में स्थित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों में भी दर्शन-पूजन किया। दिनभर पूरा धाम परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा, हर ओर सिर्फ गेरुआ वस्त्र ही नजर आ रहे थे। अंतिम सोमवारी को लेकर प्रसिद्ध आम्रेश्वर धाम को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मुख्य मंदिर और गर्भगृह को रंग-बिरंगे फूलों और मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जो देखते ही बन रहा था। धाम परिसर में स्थित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों की भी विशेष सजावट की गई थी। शाम होते ही पूरा धाम परिसर रंगीन रोशनी से नहा उठा, जिससे उसकी दिव्यता और भव्यता कई गुना बढ़ गई। सजे-धजे धाम में पहुंचकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए।

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट उल्लंघन पर रांची के डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन सील

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** रांची के बरियातू स्थित फर्स्ट पॉइंट डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों के उल्लंघन के मामले में सोमवार को सील कर दिया गया। जिला स्तरीय निरीक्षण टीम ने सिविल सर्जन डॉ. अमरेंद्र प्रसाद के निर्देश पर सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान सेंटर में अल्ट्रासाउंड मशीन खुली मिली और जांच कराने के लिए मरीज भी मौजूद थे। हालांकि, सेंटर में अल्ट्रासाउंड जांच करने वाले चिकित्सक डॉ. सुहास टेटरवे मौजूद नहीं थे। निरीक्षण टीम के अनुसार, अधिकृत चिकित्सक की अनुपस्थिति में अल्ट्रासाउंड मशीन का खुला रहना पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों का उल्लंघन है। जांच के दौरान सेंटर में एंटीनैटल केयर (एएनसी) रजिस्टर के उचित तरीके से रखरखाव नहीं किए जाने की बात भी सामने आई। टीम ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया। साथ ही सेंटर में अल्ट्रासाउंड जांच का काम तत्काल प्रभाव से बंद रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण टीम में डॉ. तवा रिजवी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने सेंटर में उपलब्ध दस्तावेजों और जांच संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सिविल सर्जन डॉ. अमरेंद्र प्रसाद ने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार निगरानी और जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित केंद्र के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रसव पूर्व भ्रूण के लिंग की जांच और लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। विभाग ने सभी संबंधित केंद्रों को निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–46/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 18.09.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2026 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2026 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance of Bathroom, W.Cs. at all Floors of New High Court Building at Dhurwa, Ranchi | 43,77,200.00 | 5000.00 | 88000.00 | 12 Months |

**नोट :** निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

PR 388310 Building (26-24)_D


## झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार नाजी जर्मनी के रास्ते पर चल रही है : प्रतुल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार और झामुमो जिस तरीके से कथित रूप से फर्जी मुकदमों, पुलिसिया कार्रवाई और प्रतिबंधों का सहारा ले रहे हैं, वह नाजी शासन की कार्यशैली की याद दिलाता है। शाहदेव ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि धरना-प्रदर्शन से पहले अनुमति लेने और सोशल मीडिया पर कुछ लिखने या लाइक करने से पहले पुलिस सत्यापन जैसी बातें सामने आना गंभीर विषय है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या अब झारखंड में अपनी बात रखने के लिए भी नागरिकों को पुलिस से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि ह्रअघोषित आपातकाल की मानसिकताह्न है। भाजपा नेता ने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 19(1)(बी) के तहत शांतिपूर्ण सभा के अधिकार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसकी आड़ में विपक्ष, छात्रों और आम नागरिकों की आवाज को दबाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। शाहदेव ने जेपीएससी मामले में राज्य सरकार के रवैये पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय में मामला पेश होने से पहले राज्य के महाधिवक्ता को अग्रिम प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसके बावजूद, उनके अनुसार, पहली सुनवाई में एक जूनियर अधिवक्ता ने सरकार की ओर से पक्ष रखा और कथित तौर पर डिफेक्टिव याचिका का विरोध भी नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि दूसरी पारी में भी महाधिवक्ता ने अपने से जूनियर अधिवक्ता को सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए कहा। शाहदेव ने सवाल उठाया कि जब सरकार को मामले की अग्रिम जानकारी थी, तो महाधिवक्ता के साथ उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सरकार की ओर से पैरवी की जिम्मेदारी क्यों नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में विद्यार्थी सरकार से जवाब मांग रहे हैं।


**राँची समाहरणालय, राँची। (जिला भू–अर्जन शाखा)**
**(अधिनियम की धारा–21(2) या 21(4) के तहत् नोटिस)**

परियोजना का नाम :– **''हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा–पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना''**

भू–अर्जन वाद संख्या :– 02/2025–26

बजरिये इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि **कमोवेश रकबा–0.7587 एकड़** भूमि जो मौजा–हुण्डरू, थाना–अनगड़ा, थाना सं०–61, अंचल–अनगड़ा, जिला–राँची में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उस **''हुण्डरू से टाटी–सिंगारी–जोन्हा– पुरबडीह (कि०मी०–7.243) सड़क निर्माण परियोजना''** प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधीन **अधिसूचना दिनांक–22.08.2025** के तहत् अधिग्रहीत किया जाना है। इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वयं अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम् से **दिनांक–09.09.2026** को **कार्यालय–जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची** में **समय पूर्वाह्न 11:30** पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी आपत्ति/दावा प्रस्तुत करेंगे।

अधिग्रहीत भूमि का विवरण :–

मौजा–हुण्डरू

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | 283 | रैयती | टांड़ एक 1 | 0.2291 | मानकी लाल मोहन शाही गुलमा वेदीया, पेशरान – खेलवा वेदीया, व दरजन वेदीया, पेशरान– खेलवा वेदीया, व रामधन वेदीया, वल्द–वीनशाह वेदीया व शाहदेव वेदीया, पेशरान– फोबवा वेदीया |
| 2 | 53 | 285 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0340 | मानकी लाल मोहन शाही रामा गंझु, पेशरान–युठन गेझु, व शिकारी गंझु, पेशरान–युठन गेझु |
| 3 | 53 | 310 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0943 | मानकी लाल मोहन शाही रामा गंझु, पेशरान–युठन गेझु, व शिकारी गंझु, पेशरान – युठन गेझु |
| 4 | 52 | 313 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.1573 | मानकी लाल मोहन शाही रामा गंझु, पेशरान–युठना गंझु व शिकारी गंझु, पेशरान–युठना गंझु |
| 5 | 47 | 314 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0026 | मानकी लाल मोहन शाही कनहुन वेदीया, वल्द – वोधवा वेदिया, व जेठुका वेदीया, वल्द–रामु वेदीया, व बलकु वेदीया, वल्द–हरीया वेदीया, व बहादुर वेदिया, वल्द – छठुआ वेदीया, व मथुरा वेदीया, पेशरान – चामु वेदीया, व वोधना वेदीया, पेशरान – चामु वेदेया |
| 6 | 34 | 315 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0650 | मानकी लाल मोहन शाही मुशमात चुनोपाली, जोजे– भवन वेदया, व वुचु वेदीया, वल्द– हगरु वेदीया |
| 7 | 10 | 332 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0951 | मानकी लाल मोहन शाही गोन्दोरीया वेदिया, वल्द – गोवरा वेदीया, व शवना वेदीया, पेशरान–छतरु वेदीया |
| 8 | 61 | 385 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0210 | मानकी लाल मोहन शाही नतुआ वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया, शनु लनवा व लाल मोहन वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया व सोहराई वेदीया, वल्द–कनहाइ वेदीया |
| 9 | 61 | 386 | रैयती | टांड़ तीन 1 | 0.0603 | मानकी लाल मोहन शाही नतुआ वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया, व लाल मोहन वेदीया, वल्द–मुड़बा वेदीया व सोहराई वेदीया, वल्द–कनहाइ वेदीया |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
राँची।

PR 388267 (Land Reforms) 26-27 (D)

# अंतिम सोमवारी पर बुढ़वा महादेव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, हर-हर महादेव से गूंजा बड़कागांव

## झांकी व जुलूस के साथ महुदी पहाड़ पहुंचे हजारों शिवभक्त

**जगह-जगह लगे चना-शरबत, चाय-बिस्कुट व प्रसाद वितरण के स्टॉल**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को बड़कागांव के प्रसिद्ध महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र बोल बम, हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता रहा। बड़कागांव ही नहीं, बल्कि आसपास के विभिन्न प्रखंडों और दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में शिवभक्त पूजा-अर्चना करने पहुंचे।महुदी पहाड़ पर स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर के साथ हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर, द्वारपाल गुफा, छगरी गोदरी गुफा, डुमारो गुफा, डुमारो जलप्रपात और शिवमठ परिसर में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अंतिम सोमवारी को लेकर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिला।

**सांसद मनीष जायसवाल ने की पूजा-अर्चना**

हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ के कारण सांसद मोटरसाइकिल से क्षेत्र का भ्रमण करते हुए विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। साथ ही साथ जुलूस में शामिल भगवान शिव की झांकी को श्रद्धालुओं के साथ मिलकर खींचकर आगे बढ़ाने में सहयोग किया। इस दौरान सांसद के साथ लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, पिंटू कुशवाहा, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय कुशवाहा, राजकिशोर समेत दर्जनों कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे।

**प्रत्येक गांव से निकली झांकी, जुलूस में उमड़ी भीड़**

रजरप्पा के भैरवी नदी से जल उठाकर लगभग 20 गांवों के कांवरिया संगठन के शिवभक्त पैदल यात्रा करते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचे। विभिन्न कांवरिया संगठनों की ओर से डीजे साउंड के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गईं। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बड़कागांव के प्रतीक गांव से भी भव्य जुलूस और झांकी निकाली गई। जुलूस के मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। झांकियों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के तत्वावधान में कुशवाहा समाज गुरुचट्टी की ओर से झांकी का मूल्यांकन किया गया। बेहतर झांकी प्रदर्शन करने वाले आयोजकों को पुरस्कृत करने की तैयारी की गई थी। कांवरियों और शिवभक्तों के सम्मान के लिए कांड़तरी में भी व्यवस्था की गई।

**जगह-जगह लगाए गए सेवा शिविर**

अंतिम सोमवारी पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की ओर से जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में चना, शरबत, चाय, बिस्कुट और प्रसाद का वितरण किया गया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण किया गया। सांसद ने स्वयं विभिन्न जुलूस, झांकियों और प्रसाद वितरण शिविरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की और आयोजन की जानकारी ली।

# बरही में वन विभाग का सर्प रेस्क्यू अभियान जारी, सैकड़ों सांपों को सुरक्षित बचाया

**सांप दिखे तो न मारें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और वन विभाग को दें सूचना : अमर आनंद सरस्वती**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरही। बरही क्षेत्र में बरसात के दौरान आबादी वाले इलाकों में सांपों के निकलने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार सर्प रेस्क्यू अभियान चला रही है। पश्चिमी डीएफओ मौन प्रकाश के निर्देश पर प्रभारी वनपाल अमर आनंद सरस्वती एवं प्रधान वनरक्षी संजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्थानों से अब तक सैकड़ों सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू किए गए सांपों में अजगर, गेहूंमन, करैत, रसल वाइपर एवं गोह सहित विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं। वन विभाग के अनुसार, बरसात में सांप अपने प्राकृतिक आवास से निकलकर खेतों, घरों और आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं। ऐसे में लोगों को घबराने के बजाय सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रभारी वनपाल अमर आनंद सरस्वती ने कहा कि सांप दिखाई देने पर उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें और वन विभाग को सूचना दें। उन्होंने सर्प रेस्क्यू के लिए मोबाइल नंबर 7992479459 पर सूचना देने की अपील की। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर सांप को सुरक्षित रेस्क्यू करेगी और उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि सांप पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत करने को विद्यालयों में चला विशेष अभियान

**'मैं भी निपुण, मेरा विद्यालय भी निपुण' के तहत शुरू हुआ आकलन, कमजोर बच्चों को किया गया चिह्नित**

**24 से 31 अगस्त तक प्रथम चरण में बच्चों की दक्षताओं की होगी जांच, दिसंबर तक चलेगा अभियान**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार से ह्यमैं भी निपुण, मेरा विद्यालय भी निपुणह्ल अभियान के तहत प्रथम चरण का आकलन शुरू किया गया। अभियान के माध्यम से बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं को मजबूत करने के साथ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण के तहत 24 से 31 अगस्त तक बच्चों की शैक्षणिक दक्षताओं का आकलन किया जाएगा। इस दौरान बच्चों की बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, पढ़ने-लिखने की क्षमता तथा विषयों की समझ को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से परखा जा रहा है। इसके साथ ही विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का भी मूल्यांकन किया जा रहा है। आकलन के दौरान बच्चों की कक्षा के अनुरूप उनकी दक्षताओं की जांच की गई तथा जिन बच्चों को पढ़ने, लिखने, गणना करने अथवा विषयों को समझने में परेशानी हो रही है, उनकी कमजोरियों को चिह्नित किया गया। ऐसे बच्चों की सीखने की जरूरत के अनुसार आगे विशेष अभ्यास एवं मार्गदर्शन देने की योजना बनाई जाएगी। शिक्षकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी दक्षताओं में निपुण बनाना है।

## डांड के गोसी टोला में बकरी चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कटकमसांडी। कटकमसांडी प्रखंड की डांड पंचायत अंतर्गत गोसी टोला में सोमवार को बकरी चोरी के प्रयास का मामला सामने आया। ग्रामीणों ने मौके पर दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया और बाद में उन्हें कटकमसांडी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों की पहचान मुकीम अंसारी, पिता असलम अंसारी एवं समीर अंसारी, पिता सुहैल अंसारी, दोनों निवासी झंडा चौक, किशोर टंकी के सामने, हजारीबाग के रूप में बताई गई है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों एक पोल्ट्री फार्म परिसर में रखी बकरियों को चोरी करने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने दोनों युवकों को कटकमसांडी थाना ले जाकर पुलिस को सौंप दिया तथा लिखित आवेदन देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुटी है। ग्रामीणों का दावा है कि पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने पशु चोरी की घटनाओं में संलिप्त होने की बात कही है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पूछताछ और जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से निगरानी बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान बिरहोर टांडा में निर्मित आवास, सरना-मसना योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन, छात्रावास सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को कल्याण शाखा के पदाधिकारियों के बीच सुस्पष्ट कार्य विभाजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरना-मसना योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की अपूर्ण योजनाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने को कहा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्राप्त सभी पात्र आवेदनों को स्वीकृत कर नियमानुसार राज्य सरकार को अग्रसारित करने का निर्देश दिया। पशुपालन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों के बीच पशु वितरण का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को 15 अक्टूबर तक पात्र लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने को कहा। लाभुकों के चयन के उपरांत जिला स्तर से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें ससमय योजना का लाभ उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में जिले के सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने खिरगांव एवं दीपुगढ़ा छात्रावास के संबंध में आवश्यक विभागीय पत्राचार करने का निर्देश दिया। साथ ही संचालित एवं असंचालित छात्रावासों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यकताओं का आकलन करने को कहा।

# महज चंद घंटों में घर में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**पेलावल पुलिस की बड़ी कामयाबी, चोरी का सामान, 55,750 नकद व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




कटकमसांडी। हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र अंतर्गत छड़वा पंचायत में घर का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज चंद घंटों में उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी का सामान, ?55,750 नकद, पांच मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त 2026 को छड़वा पंचायत निवासी प्रदीप राणा ने पेलावल ओपी में लिखित आवेदन देकर घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में कटकमसांडी (पेलावल ओपी) थाना कांड संख्या 131/26, दिनांक 23 अगस्त 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) हजारीबाग के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापामारी कर मो. महताब (लगभग 30 वर्ष) एवं मो. शमीर कुरैशी (लगभग 25 वर्ष), दोनों निवासी मंडई कला, थाना लोहसिंघना, हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से कान की बाली, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, पांच घड़ियां, ?55,750 नकद एवं पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा चोरी की घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोटरसाइकिल संख्या जेएच02बीजी-7117 भी पुलिस ने बरामद की है।छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान रंजन, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन महथा, पेलावल ओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक बिट्टू रजक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। चोरी की घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी का सामान बरामद किए जाने से पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को चोरी की घटना के शीघ्र उद्भेदन की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान सराहनीय, लेकिन नशा कारोबार पर कार्रवाई कब?




उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। लेकिन एक ओर नशामुक्ति अभियान चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कई थाना क्षेत्रों में खुलेआम नशे का कारोबार फैल रहा है। कुछ स्थानीय थाना क्षेत्रों में नशा कौन और कहां बेच रहा है, इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? आखिर नशा कारोबारी इतने बेखौफ किसके बलबूते कारोबार चला रहे हैं? हजारीबाग की जनता नशा कारोबारियों के खिलाफ निष्पक्ष और जीरो टॉलरेंस नीति चाहती है। जब थानों के आसपास तक नशे का कारोबार होने की चर्चा है, तो फिर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं? जिले के चौपारण,बरही,पदमा, बरकट्ठा, गोरहर, इचाक, कोर्रा, मुफ्फसिल दारु, विष्णुगढ़, कटकमदाग, कटकमसांड़ी, बड़कागांव, केरेडारी, उरीमारी, चरही, चुरचू, आंगो और गिद्दी थाना क्षेत्रों में खुलेआम होटलों और ढाबों में बिना वैध अनुमति के जाम छलकते देखें जा सकते हैं। इसकी जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को भी है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर मूक दर्शक की भूमिका में रहती है पुलिस। जानकार सूत्रों की माने तो होटल और ढाबें चलाने वाले संचालकों की ओर से स्थानीय पुलिस को नजराना पेश की जाती है।

## एक नजर

### सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर दी सांत्वना



हजारीबाग। जिले के बड़कागांव प्रखण्ड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत के पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद एवं लखन प्रसाद की माता एवं स्वर्गीय जूठन महतो की धर्मपत्नी विलासो देवी का निधन 19 अगस्त 2026, बुधवार को हो गया। उनके निधन की सूचना पर हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल सोमवार को शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। सांसद ने दिवंगत विलासो देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विलासो देवी का अंतिम संस्कार बुधवार की शाम पांच बजे सोनपुरा स्थित हहारो नदी श्मशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन, ग्रामीण एवं शुभचिंतक शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल के साथ लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल अध्यक्ष शिबू मेहता, समाजसेवी पिंटू कुशवाहा, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय कुशवाहा, राजकिशोर समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। वहीं भवानी प्रसाद दांगी, राजनाथ कुमार एवं मोहित कुमार ने भी शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### हजारीबाग छात्र आंदोलन पर बड़ा एक्शन, 19 नामजद समेत 700 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

हजारीबाग। जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में 21 अगस्त को हुए छात्र आंदोलन और पुतला दहन के प्रयास के मामले में कोर्रा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सदर अंचल के अंचलाधिकारी आशुतोष के लिखित आवेदन पर 19 नामजद समेत करीब 500 से 700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा, उपद्रव, पुलिस बल पर हमला और बिना अनुमति प्रदर्शन समेत विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक जेएसएससी-सीजीएल समेत प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर करीब 1500 से 2000 लोग गांधी मैदान में जुटे थे। प्रशासन का आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राहुल गांधी के पुतले जलाने का प्रयास किया और समझाने के बावजूद भीड़ नहीं हटी। इसके बाद पुलिस पर पथराव हुआ, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों के घायल होने की बात कही गई है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

**19 नामजद आरोपियों की भूमिका की जांच में जुटी पुलिस**

मामले में कुणाल प्रताप सिंह, पीयूष सिंह और रविंद्र पासवान समेत 19 लोगों को नामजद किया गया है। हालांकि, आंदोलन से जुड़े लोगों का दावा है कि ये तीनों हजारीबाग में हुई झड़प के दौरान मौके पर मौजूद नहीं थे और उस समय रांची में थे। इस आरोप की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस अब वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेनेकी मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि मुकदमे वापस नहीं हुए तो छात्र जेल भरो आंदोलन शुरू करें। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है।

### जरगा में मतदान से हुआ सहिया का चयन, स्वाति कुमारी दो मतों से विजयी

दारू। पुनाई पंचायत के जरगा गांव में सोमवार को आमसभा के दौरान मतदान के माध्यम से सहिया का चयन किया गया। कुल 149 ग्रामीणों ने मतदान में भाग लिया। स्वाति कुमारी को 58 मत मिले, जबकि मंजू देवी को 56 मत प्राप्त हुए। इस तरह स्वाति कुमारी ने दो मतों से जीत हासिल की। अन्य अभ्यर्थियों में प्रीति कुमारी को 19, नीतू कुमारी को 12 और सायदा परवीन को 4 मत मिले। मतदान व मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, हालांकि कुछ पराजित अभ्यर्थियों ने प्रक्रिया पर आपत्ति जताई।

### ईद-मिलाद-उन-नबी को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



बरही। बरही थाना परिसर में सोमवार को ईद-मिलाद-उन-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों एवं शांति समिति के सदस्यों से त्योहार के आयोजन को लेकर जानकारी ली गई। बैठक में बताया गया कि ईद-मिलाद-उन-नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। इस दौरान विभिन्न गांवों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित लोगों ने त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने तथा ईद-मिलाद-उन-नबी का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का भरोसा दिलाया।

### पीडीएस राशन दुकानों पर जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता से उपभोक्ता परेशान, विकल्प की मांग



कटकमसांडी। पीडीएस राशन दुकानों पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने की प्रक्रिया ने राशन कार्डधारियों की परेशानी बढ़ा दी है। एक ओर उपभोक्ताओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रमाण पत्र अपलोड कराने में भी तकनीकी व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे कार्डधारी, पीडीएस डीलर और पंचायत प्रतिनिधि सभी परेशान हैं। खासकर महिलाएं अपने घरेलू कामकाज छोड़कर घंटों पीडीएस दुकानदारों के पास भीड़ लगाए इस उम्मीद में बैठी रहती हैं कि उनका जाति प्रमाण पत्र अपलोड हो जाएगा। लेकिन प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के कारण उन्हें बार-बार लौटना पड़ रहा है। पेलावल उत्तरी पंचायत के मुखिया मो एखलाक ने उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए सरकार से इस प्रक्रिया का कोई वैकल्पिक और सरल रास्ता निकालने की मांग की है।

# राज्यपाल के आगमन से जनजातीय गौरव उत्सव का भव्य समापन, महिला एवं जनजातीय उद्यमियों का हुआ सम्मान

**ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में गूंजा जनजातीय गौरव का स्वर, विभिन्न राज्यों की महिला उद्यमियों ने दिखाई कला और हुनर**

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में 17 से 24 अगस्त तक आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय, महिला एवं स्थानीय उद्यमियों के उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए उनके कार्यों की सराहना और उत्साहवर्धन किया। समारोह की शुरूआत राज्यपाल के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर पहुंचने और स्वागत के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने उत्सव में लगाए गए प्रमुख स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का भ्रमण किया। मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों का मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर समापन समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जनजातीय कला, संस्कृति, परंपरा एवं उत्सव के दौरान हुई प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इसके बाद उत्कृष्ट महिला एवं जनजातीय उद्यमियों के आठ समूहों को सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में आयोजन से जुड़े वक्ताओं ने कहा कि 17 से 24 अगस्त तक आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि झारखंड की जनजातीय संस्कृति, परंपरा, विरासत और महिला उद्यमिता को देश के विभिन्न राज्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास रहा। ओडिशा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और झारखंड से पहुंचीं महिला उद्यमियों ने अपने उत्पाद, कला और हुनर का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कहा कि उत्सव के दौरान अलग-अलग राज्यों की महिला उद्यमियों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और अपने हुनर को व्यवसाय से जोड़ने का अवसर मिला। झारखंड की जनजातीय संस्कृति और विरासत को दूसरे राज्यों से आए प्रतिभागियों ने जाना, वहीं झारखंड की महिलाओं को भी अन्य राज्यों की कला, संस्कृति और उद्यमिता से सीखने का अवसर मिला। इस आयोजन ने ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को मजबूत किया।

समापन समारोह में आयोजन समिति की ओर से राष्ट्रीय अभियान प्रमुख राजमणि, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राम किशोर सावंत, सेक्रेटरी सुमन देमता, मुख्य संरक्षक विनोद कुमार सहित पूरी आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की गई। महिला आयोजन समिति की पूनम मिश्रा, मरियम टुड्डु, मंजू मिश्रा, सीमा सहित डॉ. गौतम और हजारीबाग हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की सांस्कृतिक टीम के योगदान को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक एवं पूरी मीडिया टीम, वॉलंटियर्स, प्रबंधन टीम तथा भोजन, आवास, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह के दौरान ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में जनजातीय संस्कृति, महिला सशक्तीकरण और उद्यमिता का उत्सव देखने को मिला। आयोजन समिति ने कहा कि यह समापन किसी यात्रा का अंत नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। झारखंड की जनजातीय कला, संस्कृति, विरासत और महिला उद्यमिता को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

## 12 साल बाद भी नहीं भरे किसानों के जख्म

# सीसीएल ने नौ लाख प्रति एकड़ मुआवजे में समेटा किसानों का हक, वनभूमि और सरकारी जमीन के बदले करोड़ों का भुगतान

**रैयती जमीन के मालिक अब भी मुआवजा और नौकरी के लिए लगा रहे चक्कर**

**सिमरिया विधायक ने कहा- हर हाल में बढ़े किसानों का मुआवजा**

गीतांजलि/ उज्जवल दुनिया संवाददाता




चतरा। अपनी पुश्तैनी जमीनें सीसीएल की कोयला परियोजनाओं के लिए सौंपने वाले किसान आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मगध, आम्रपाली, चंद्रगुप्त और संघमित्रा जैसी बड़ी कोयला परियोजनाओं के विस्तार के लिए टंडवा, केरेडारी और बालूमाथ अंचल में बड़े पैमाने पर जमीनों का अधिग्रहण किया गया है। बताया जाता है कि इन परियोजनाओं के लिए 40 हजार एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया से प्रभावित हुई है। इसमें वन भूमि, जीएम भूमि, जंगल-झाड़ी तथा रैयती जमीन शामिल हैं। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीनों के बदले मिलने वाला मुआवजा वर्तमान समय में जमीन की वास्तविक कीमत और उससे होने वाले कोयला कारोबार की तुलना में बेहद कम है। जानकारी के अनुसार, वन भूमि और सरकारी जमीन के उपयोग के लिए सीसीएल को संबंधित विभागों को नियमों के तहत भारी भरकम राशि का भुगतान करना पड़ता है। बताया गया कि वन भूमि के बदले लगभग 70 लाख रुपये प्रति एकड़ तक का भुगतान किया गया है। इसके अलावा पौधरोपण समेत अन्य मदों में भी अलग से राशि खर्च की जाती है। वहीं आम जीएम और जंगल-झाड़ी जमीनों के लिए भी सीसीएल को राज्य सरकार को लगभग 70 से 80 लाख रुपये प्रति एकड़ तक का भुगतान करना पड़ता है। इसके विपरीत रैयती जमीन के मालिक किसानों को लगभग नौ लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिए जाने की बात सामने आ रही है। किसानों का सवाल है कि जब सरकारी और वन भूमि के उपयोग के लिए इतनी बड़ी राशि का भुगतान किया जा सकता है तो वर्षों पहले अधिग्रहित उनकी पुश्तैनी जमीन के लिए मुआवजे में बढ़ोतरी क्यों नहीं की जा रही है।

**वन विभाग पहले वसूलता है मुआवजा, किसान बाद में भी भटकते हैं**

बताया गया कि आम्रपाली कोल परियोजना में करीब 431 हेक्टेयर वन भूमि पर कोयला उत्पादन हो रहा है। वहीं चंद्रगुप्त कोल परियोजना में करीब 600 हेक्टेयर जमीन पर कोयला उत्पादन शुरू हो चुका है। संबंधित विभागों से जमीन लेने के लिए सीसीएल को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मुआवजा और अन्य मदों की राशि का भुगतान करना पड़ता है। किसानों का कहना है कि सरकारी विभाग अपने हिस्से की राशि समय पर प्राप्त कर लेते है।

## चार लाख के गांजे के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, कार व अवैध शराब की खेप जब्त



**एसपी के सटीक सूचना तंत्र पर हंटरगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, झारखंड-बिहार बॉर्डर पर दबोचे गए तस्कर**

**चतरा शहर में होनी थी गांजे कि तस्करी, समय रहते पुलिस नें तस्करों के उम्मीदों पर फेरा पानी**

चतरा। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के सटीक सूचना तंत्र के बदौलत हंटरगंज थाना पुलिस को झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़े दो कथित तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 9 किलो 150 ग्राम गांजा, ओल्ड हैबिट कंपनी की 750 एमएल की 11 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त एक कार जब्त किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के भोंदल गांव निवासी रोहित कुमार व बाजार निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने रोहित कुमार को भोंदल-प्रतापपुर मोड़ के समीप उसकी सफेद रंग की हुंडई कार के साथ गिरफ्तार किया, जबकि उसके निशानदेही पर पवन कुमार को हंटरगंज बाजार से पकड़ा गया। सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का संबंध अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह से है और गिरोह में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तस्करी के इस नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा।

## केरेडारी के सलगां में सर्प दंश से बुजुर्ग की मौत



उज्जवल दुनिया संवाददाता

केरेडारी। प्रखंड क्षेत्र के सलगा पंचायत अंतर्गत बड़कीटांड़ टोला में सोमवार शाम सांप के डंसने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान दुखी साव (60 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दुखी साव शाम करीब 7:15 बजे अपने घर के सामने बने मचान के पास किसी काम से गए थे। इसी दौरान करीब 8 बजे उन्हें सांप ने डंस लिया। परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें तत्काल बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, केरेडारी ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सक डॉ. सुधांशु कुमार ने जांच के बाद दुखी साव को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, सांप की पहचान रसल वायपर के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# खान एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 से कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रभाव पड़ेगा : जय प्रकाश पटेल

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पुराने बस स्टैंड स्थित भगवान बिरसा मुण्डा प्रतिमा के निकट खान एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 को लेकर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया गया । आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की । इस अवसर उन्होंने संबंधित झारखंड के हितों में खनिज संपदा एवं राज्यों के अधिकार से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक खनिजों पर सेस हटाने से झारखंड में कई कल्याणकारी योजनाओं पर इसका प्रभाव पड़ेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन तथा मईया सम्मान योजना जैसी योजनाएं पूर्ण रूप से प्रभावित होगी । वर्ष 2024-25 में खनिज से झारखंड को 1380 करोड़ तथा 2025-26 में 7487.91 करोड़ मिले थे । इससे कई योजनाओं की प्रगति में राज्य वित्तीय सहायता मिले थे । कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम ने किया । उपवास कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार मुन्ना सिंह, कॉर्डिनेटर एस के यादव , बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव नवीन कुमार, रेणू कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता साजिद अली खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपाध्यक्ष आलम, सलीम रजा, सुखदेव यादव, बाबर अंसारी महासचिव संजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार रवि, जय प्रकाश यादव, अरविंद झा, खागपति महतो, के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# उपायुक्त ने के.बी. महिला कॉलेज परिसर स्थित एससी-एसटी छात्रावासों का किया निरीक्षण, छात्राओं की समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को के.बी. महिला कॉलेज, हजारीबाग परिसर का भ्रमण कर कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए संचालित महिला छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रावास भवनों का विस्तृत अवलोकन कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं एवं छात्राओं की आवश्यकताओं की जानकारी ली। के.बी. महिला कॉलेज परिसर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कुल 05 छात्रावास संचालित हैं, जिनमें लगभग 65 छात्राएं रह रही हैं। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छात्रावास में रहने वाली छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने उपायुक्त को बताया कि छात्रावास के किचन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। साथ ही, भवन की छत पर जल जमाव के कारण पानी के रिसाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर उपायुक्त ने स्वयं छात्रावास भवन की छत पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। छात्राओं द्वारा छात्रावास में आवश्यक बर्तन, पेयजल की सुविधा के लिए अतिरिक्त चापानल, बाउंड्री वॉल, सोलर लाइट की मरम्मत, शौचालय के गेट, पंखे सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। उपायुक्त ने छात्राओं की मांगों पर सहमति प्रदान करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार कार्यों की स्वीकृति एवं शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं की मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखते हुए छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए तथा आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्ध स्थान को देखते हुए उपायुक्त ने के.बी. महिला कॉलेज परिसर के अन्य उपयुक्त स्थल पर नए छात्रावास भवन के निर्माण पर भी सहमति जताई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को नए छात्रावास भवन के निर्माण के लिए आवश्यक योजना तैयार करने तथा स्थल एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का आकलन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावासों से संबंधित सभी आवश्यकताओं का समुचित आकलन कर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करें। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### ईद मिलादुन्नबी में अशांति फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

हजारीबाग। ईद मिलादुन्नबी को लेकर जिले के विष्णुगढ़ थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुभाष सिंह तथा संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक में प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं दोनों समुदायों के कई लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारगी के माहौल में मनाने की अपील की। कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अशांति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में लोगों ने पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने का भरोसा दिलाया। मौके पर खलील अंसारी, अब्बास अंसारी, शंभूलाल यादव, साबिर शेख, एसआई शिवम गुप्ता, सदर इशाक अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### इचाक में सुनील ठाकुर हत्याकांड में भाई-भाभी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी भतीजा फरार



हजारीबाग। जिले के इचाक थाना क्षेत्र के देवकुली गांव में सुनील ठाकुर की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में मृतक के बड़े भाई सुरेश ठाकुर और भाभी जसवा देवी शामिल हैं। वहीं, मामले का मुख्य आरोपी बताया जा रहामृतक का भतीजा छोटू ठाकुर घटना के बाद से फरार है।

**मकई तोड़ने को लेकर हुआ था विवाद**

घटना को लेकर इचाक थाना में कांड संख्या 143/26 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मकई तोड़ने को लेकर हुए विवाद के दौरान सुनील ठाकुर के साथ मारपीट की गयी थी। इसी घटना के बाद उनकी मौत हो गयी।

**भाई-भाभी जेल भेजे गये, भतीजे की तलाश में छापेमारी जारी**

मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वहीं, फरार मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस मामले में थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच जारी है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है। साथ ही कहा कि मुख्य आरोपी को भी शीघ्र जेल के सलाखों में भेज दिया जाएगा।

### चौपारण में पार्थिव शरीर लेकर लौट रही एंबुलेंस पेड़ से टकरायी, एक घायल

हजारीबाग। हजारीबाग से पार्थिव शरीर लेकर लौट रही सरकारी एंबुलेंस रविवार को बिशनपुर पेट्रोल पंप के आगे दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बताया जा रहा है कि चालक को अचानक झपकी आने से एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। हादसे में एंबुलेंस सवार एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गये।

**झपकी आते ही चालक ने खोया नियंत्रण, पेड़ से टकरायी एंबुलेंस**

जानकारी के अनुसार, सामुदायिक अस्पताल चौपारण को विधायक मनोज कुमार यादव की ओर से उपलब्ध करायी गयी एंबुलेंस हजारीबाग से हथिंदर दैहर निवासी ईश्वर राणा का पार्थिव शरीर लेकर गांव लौट रही थी। इसी दौरान बिशनपुर पेट्रोल पंप के आगे चालक जगदीश यादव को अचानक झपकी आ गयी। इससे वह एंबुलेंस पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

**हादसे में एक घायल, चालक के सीने में भी लगी चोट**

हादसे में एंबुलेंस सवार प्रवेश राणा घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल चौपारण में भर्ती कराया गया है। वहीं, चालक जगदीश यादव के सीने में भी चोट लगी है। एंबुलेंस में सवार सुभाष राणा और रविशंकर राणा हादसे में बाल-बाल बच गये। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। राहत की बात रही कि हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

### मंगल मूर्ति धाम में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव, सामाजिक समरसता और नशामुक्ति का दिया संदेश

एग्यारकुंड। मंगल मूर्ति धाम में रविवार को सावन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्यों के परिवारजनों के अलावा आसपास के मंदिर कमेटियों के सदस्य भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आपसी मेलजोल के माध्यम से समाज में व्याप्त वैचारिक दूरियों को समाप्त करना तथा आपसी समन्वय और भाईचारे को मजबूत करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों के साथ महिलाओं के लिए मेहंदी समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों, महिलाओं और अन्य उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि के रूप में चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी,चिरकुंडा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार,भाजपा नेता अशोक मंडल,वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण लाल रूंगटा तथा वरिष्ठ पत्रकार आशीष एम्बसट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज में मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की।

### धनबाद में जल्द होगा राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टूनार्मेंट,देशभर की टीमें लेंगी हिस्सा



धनबाद। ऑल इंडिया महिला फुटबॉल एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को जमशेदपुर में आयोजित किया गया।अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान संगठन का पुनर्गठन करते हुए नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। पुनर्गठित कार्यकारिणी में राजगंज स्थित बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार एवं भाजपा नेता नीलकंठ रवानी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं गुंजन कुमारी सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष, मो. कासिम अंसारी को कार्यकारी अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ के मो. शेख जावेद को सर्वसम्मति से महासचिव चुना गया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली,पंजाब,राजस्थान, असम सहित विभिन्न राज्यों से पदाधिकारियों का चयन किया गया।राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर प्रमोद कुमार ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है,उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही झारखंड के धनबाद जिले के विभिन्न स्टेडियमों में राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने की तैयारी की जाएगी।प्रतियोगिता में देश के दर्जनों राज्यों की महिला फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ झारखंड में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देना है।

# एसीएफ-एफआरओ 2024 नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर रोक से हाई कोर्ट का इनकार

उज्ज्वल दुनिया संवादाता




**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट (एसीएफ)-2024 और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर (एफआरओ)-2024 की नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी)-सीजीएल, 11वीं से 13वीं जेपीएससी और सीडीपीओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के सरकार के आदेश पर उच्च न्यायालय पहले ही रोक लगा चुका है। प्रार्थियों ने इसी आधार पर एसीएफ और एफआरओ नियुक्ति प्रक्रिया रद्द करने के आदेश पर भी रोक लगाने का आग्रह किया। उन्होंने आशंका जताई कि सरकार इन पदों पर नई नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर सकती है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रार्थी अदालत में हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर सकते हैं। अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिनमें टीडीपीएल शामिल रहा था। इसके साथ ही वर्ष 2014 से आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने की भी घोषणा की गई थी। इन घोषणाओं के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने परीक्षाएं रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया स्थगित करने और जांच कराने से संबंधित अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में 22 परीक्षाओं को रद्द करने, छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में शामिल करने का उल्लेख किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी, जिसमें राज्य सरकार का जवाब महत्वपूर्ण होगा।

## बाल विवाह के खिलाफ बोकारो में धर्मगुरुओं की हुंकार, सहयोगिनी ने छेड़ा निर्णायक जागरूकता अभियान

**बोकारो।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प के साथ सहयोगिनी संस्था ने ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के सहयोग से व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान की खास पहल यह है कि समाज पर प्रभाव रखने वाले विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं को सीधे जोड़कर बाल विवाह के खिलाफ मजबूत सामाजिक माहौल तैयार किया जा रहा है।संस्था के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि जरीडीह, कसमार, पेटरवार, गोमिया, चंद्रपुरा और बेरमो प्रखंडों में कार्यकर्ता लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके तहत मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघरों में पहुंचकर पुजारियों, इमामों, ग्रंथियों और पादरियों से संवाद किया जा रहा है। धर्मगुरुओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, सजा तथा बाल विवाह से बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उनसे अपील की जा रही है कि वे किसी भी परिस्थिति में नाबालिगों के विवाह से जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल न हों। अभियान के दौरान कई धर्मगुरुओं ने बाल विवाह नहीं कराने और समाज को इसके खिलाफ जागरूक करने का संकल्प लिया है। गौतम सागर के अनुसार, धर्मगुरुओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव दिख रहा है तथा लोग इस कुरीति के खिलाफ खुलकर आवाज उठा रहे हैं।

## रामगढ़ में मारवाड़ी युवा मंच की चेतना शाखा ने मनाया सावन सिंधारा उत्सव

उज्ज्वल दुनिया संवादाता




**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा के तत्वावधान में सोमवार को रांची रोड स्थित एक होटल में सावन सिंधारा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा की सदस्यों ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सावन के उल्लास और आपसी सौहार्द को मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से साझा करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी प्रोजेक्ट संयोजक खुशबू मालिराम और शिल्पा अग्रवाल ने संभाली। उनके नेतृत्व में सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में 30 सेकंड गेम के तहत चूड़ी की सहायता से कागज पर गोला बनाकर उसमें गोल्ड आइटम का नाम लिखने की प्रतियोगिता कराई गई। इसके अलावा हाऊजी का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों के लिए पासिंग द पिलो गेम आयोजित किया गया, जिसका उन्होंने जमकर आनंद लिया। सावन के गीतों पर सदस्यों ने नृत्य किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। सभी सदस्यों के लिए वेलकम गिफ्ट की व्यवस्था की गई। विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं, समय की पाबंदी के लिए पंक्चुअलिटी गिफ्ट श्वेता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम सौहार्द, मनोरंजन और उत्साह से भरपूर रहा। सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से सावन सिंधारा उत्सव यादगार बन गया। शाखा पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, सचिव शिखा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सिद्धि जैन सहित शाखा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चिन्मय विद्यालय बोकारो की 6 छात्राएं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में शामिल होंगी




**धनबाद।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के विद्यार्थी अकादमी में जितने सफल हैं, उतने ही खेल एवं प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन करते हैं। 22 और 23 अगस्त को सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद में आयोजित चतुर्थ झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप में चिन्मय विद्यालय बोकारो की छात्राओं ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 15 सदस्यीय बालिका दल ने अपनी अद्भुत खेल भावना और अनुशासन के दम पर विभिन्न आयु वर्गों में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में 6 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सचिव महेश त्रिपाठी और प्रभारी प्राचार्य नर्मेंद्र कुमार ने सभी विजेता छात्राओं और चयनित खिलाड़ियों को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। परिणामों की विस्तार से बात करें, तो अंडर - 14 बालिका वर्ग में कक्षा आठ की आराध्या अवनीश सिंह, कक्षा 6 की अनुष्का ठाकुर तथा कक्षा 9 की जनप्रीत कौर और अनिका श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, अंडर-17 बालिका वर्ग में कक्षा 9 की प्रिया कुमारी, आराध्या राय, जयश्री गुप्ता और स्तुति श्री ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। अंडर-19 बालिका वर्ग में भी विद्यालय का दबदबा कायम रहा। कक्षा 12वीं की पलक गौतम और शिवांगी राज ने अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कक्षा 12वीं की ही रशिका नयन, सुनिधि रतन, प्रकृति बर्नवाल, भावना कुमारी और समृद्धि सिंह ने रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली अंडर-14 और अंडर-19 की विजेता छात्राएं आगामी राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका आयोजन हरियाणा और श्रीनगर में किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने खेल विभाग की पायल सिंह और ललिता उरांव समेत संजीव कुमार, प्रांजल साकिया, रणवीजय ओझा, प्रवीण कुमार, नितेश पांडे, विशाल मौर्या और आदर्श आचार्या के समर्पित प्रयासों, मार्गदर्शन और कठोर परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुशल नेतृत्व एवं कड़ी मेहनत के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने जा रही छात्राओं को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

### सावन की फुहार में खिला सामाजिक एकता का रंग, जायसवाल समाज का स्नेह मिलन सह सावन महोत्सव

**बोकारो।** जायसवाल समाज (सर्ववर्गीय), बोकारो के तत्वावधान में जायसवाल महिला समिति ने बुद्ध विहार सभागार में स्नेह मिलन सह सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया। समारोह में सावन की हरियाली, लोक संस्कृति और सामाजिक एकता का रंग देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सह विरोधी दल के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पीताम्बर चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता राजकुमार जायसवाल किया। मुख्य अतिथि नवीन जायसवाल ने कहा कि सावन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। समाज की सभी उपजातियों को एकजुट होकर मजबूत संगठन बनाना चाहिए। बिरंची नारायण ने कहा कि सभी उपजातियों को एक मंच पर लाकर सशक्त वैश्य समाज का निर्माण समय की मांग है।

## सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया सावन महोत्सव सह 11वां स्थापना दिवस

सावन के बुनझीसी पिया संग खेलब पचीसी ना.....

सिया जी बहिनिया हमार हो राम लगीहें पहनुमा..

**बोकारो।** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, बोकारो इकाई द्वारा सावन महोत्सव सह 11वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बोकारो क्लब परिसर में किया गया। समारोह का उद्घाटन सखी बहिनपा बोकारो इकाई की प्रभारी अमिता झा, महासचिव ऊषा झा, वरिष्ठ सदस्या इंदिरा झा, शीला मिश्रा, किरण मिश्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी जयंती पाठक व प्रीति राय ने संयुक्तरुप से दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना 'जय जय भैरवि असुर भयाउनि...' के समवेत गायन से हुई। इसके बाद प्रीति राय ने 'अपना बलमा के जगावे सांवर गोरिया..' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। ऊषा झा, नूतन झा, सुजाता झा, जयंती पाठक व संजीता भुवनेश ने 'सिया जी बहिनिया हमार हो राम लगीहें पहनुमा..' गीत पर मनोहारी समूह नृत्य की प्रस्तुति से सबकी तालियां बटोरी। नमिता झा ने 'सावन के बुनझीसी पिया संग खेलब पचीसी ना..', बीणा झा ने नचारी 'पूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी..', रेणुका झा ने 'सखिया सावन बहुत सुहावन मनभावन ऐलै ना..' की सुमधुर प्रस्तुति की। अमिता झा ने सखी बहिनपा पर कविता सुनाई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता में सुजाता झा को सावन क्वीन का खिताब मिला जबकि आशा पाठक फर्स्ट रनरअप व पूनम झा सेकंड रनरअप रहीं। बेस्ट पर्सनैलिटी का पुरस्कार नूतन झा को मिला। गेम में किरण मिश्रा को प्रथम, शारदा चौधरी को द्वितीय व रेणुका झा को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। सावन क्वीन प्रतियोगिता की जज किरण मिश्रा, आशा झा व नूतन झा रहीं। इस मौके पर पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मलंगिया महोत्सव में मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की नाटक टीम में शामिल समूह की सदस्या प्रीति प्रिया को परिषद के महासचिव की धर्मपत्नी बीनू चौधरी ने सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल और युवा नेतृत्व को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

उज्ज्वल दुनिया संवादाता

बेरमो। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त 2026 को के.बी. कॉलेज, बेरमो में ह्यखेलो इंडिया संवादह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी एवं देश के गौरव मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस को इस वर्ष युवा सहभागिता, खेल विकास और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ व्यापक रूप से मनाया जा रहा है।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देशभर के 1600 से अधिक स्थानों पर मौजूद 8 लाख से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों और युवा प्रतिभागियों की उपस्थिति सुबह 10 बजे तक सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्थानीय युवाओं, खिलाड़ियों और मई भारत स्वयंसेवकों के बीच संवाद एवं विचार-विमर्श होगा। संवाद सत्र में पिछले 12 वर्षों में देश के खेल अवसंरचना विकास और उभरते स्पोर्ट ईकोसिस्टम पर चर्चा होगी। इसके बाद युवाओं को अपने विचार और सुझाव रखने का अवसर मिलेगा। चर्चा के प्रमुख विषयों में जमीनी स्तर पर खेल सुविधाओं एवं कोचिंग को मजबूत करना, 2036 ओलंपिक के लिए प्रतिभाओं को तैयार करना, युवा नेतृत्व एवं शासन में भागीदारी तथा विकसित भारत के लिए युवा सशक्तिकरण शामिल हैं। युवाओं से सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से भी लिए जाएंगे। साथ ही उन्हें विकसित भारत यांग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) क्विज राउंड में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## गतका में चिन्मय विद्यालय की बेटियों का जलवा, 15 पदक पर कब्जा

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो की छात्राओं ने चतुर्थ झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक हासिल किए। 22-23 अगस्त को सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, धनबाद में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के 15 सदस्यीय बालिका दल ने खेल कौशल, अनुशासन और जुझारूपन का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता में छह छात्राओं का चयन राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंडर-14 वर्ग में आराध्या अवनीश सिंह, अनुष्का ठाकुर, जनप्रीत कौर और अनिका श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-17 में प्रिया कुमारी, आराध्या राय, जयश्री गुप्ता और स्तुति श्री ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में पलक गौतम और शिवांगी राज ने स्वर्ण, जबकि रशिका नयन, सुनिधि रतन, प्रकृति बर्नवाल, भावना कुमारी और समृद्धि सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक विजेता अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग की छात्राएं आगामी राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता हरियाणा और श्रीनगर में आयोजित होगी। विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्रभारी प्राचार्य नर्मेंद्र कुमार ने विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रबंधन ने खेल विभाग की पायल सिंह, ललिता उरांव समेत सभी प्रशिक्षकों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की।

### चिन्मय विद्यालय बोकारो की कमान अब नरमेंद्र कुमार के हाथ

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में सोमवार, 24 अगस्त को आयोजित स्टाफ बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति ने वरीय उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने की घोषणा की। बैठक में चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आरएन मलिक, नरमेंद्र कुमार एवं उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा उपस्थित रहे।

## गतका में डीपीएस चास का दमदार प्रदर्शन, 24 पदकों से बढ़ाया स्कूल का गौरव

**चास (बोकारो)।** खेल प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), चास के खिलाड़ियों ने चौथी झारखंड राज्य गतका चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 पदक झटककर विद्यालय का नाम रोशन किया। धनबाद जिला गतका एसोसिएशन के तत्वावधान में 22-23 अगस्त को धनबाद के जीजीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में डीपीएस चास के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक अपने नाम किए। सबसे बड़ी उपलब्धि कक्षा 10 के छात्र बिवेक महतो ने हासिल की। अंडर-19 बालक वर्ग की टीम-फेरी सोटी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के साथ उनका चयन आगामी राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप के लिए हुआ है। बिवेक की सफलता से विद्यालय के साथ बोकारो का भी गौरव बढ़ा है। रजत पदक विजेताओं में सोनू कुमार, प्रखर प्रत्यूष, अनमोल कुमार, वैभव राज, शौर्य राज साहा, राज आर्यन, शुभम राय, आर्यन हांसदा, कुंदन कुमार महथा, अश्विन राज और रुद्र सिंह शामिल रहे। वहीं सौरव कुमार, कौशिक तिवारी, रोशन कुमार, ओम कुमार, आदित्य प्रताप सिंह, जय हांसदा, यश शर्मा, ज्ञान कुमार महतो, शान्वी वर्मा, शान्वी पटेल, कर्तिशा शर्मा और रौशन कुमार ने कांस्य पदक जीते। विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन राजेश अग्रवाल और निदेशिका सह प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व, धैर्य और टीम भावना विकसित करता है। डी.एस. मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष जताया।

## एक नजर

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग दिल्ली के 32वें स्थापना दिवस समारोह में ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी काउंसिल की गरिमामयी सहभागिता



**एग्यारकुंड।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा अपने 32वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन, 23 अगस्त 2026 को कन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, रफी मार्ग, नई दिल्ली में किया गया। इस गरिमामयी समारोह में ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी काउंसिल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने काउंसिल के कोल इंडिया प्रदेश अध्यक्ष ब्रिज किशोर पासवान के नेतृत्व में सभी कंपनी के अध्यक्ष महासचिव उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री उपस्थित रहे। वहीं गरिमामयी उपस्थिति के रूप में रामदास अठावले एवं बी. एल. वर्मा, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरदीप सिंह गिल, माननीय उपाध्यक्ष तथा कर्म सिंह कर्मा, माननीय सदस्य सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी काउंसिल की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के स्थापना दिवस की सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ब्रिज किशोर पासवान ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के सम्मान, अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार एवं कल्याण के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। काउंसिल सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान प्रदत्त अधिकारों के लिए हमेशा अपनी सकारात्मक भूमिका निभाती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित काउंसिल के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा के खिलाफ किशोरियों और अभिभावकों को किया जागरूक




**महूदा।** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा प्राथमिक विद्यालय बेलाखोंदा में बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा की रोकथाम को लेकर किशोरियों एवं उनके अभिभावकों के साथ एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 40 किशोरियों एवं उनकी माताओं ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं डिजिटल हिंसा के बढ़ते खतरे पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है और इसके कारण किशोरियों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और कम उम्र में विवाह न करें। शंकर रवानी ने डिजिटल युग में बच्चों एवं किशोरियों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल जरूरी है। अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत, निजी जानकारी साझा करना, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना तथा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री या ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में चुप नहीं रहना चाहिए। कार्यशाला में झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, ट्रस्टी ज्योति कुमारी, परियोजना समन्वयक पूजा कुमारी एवं गुलनाज बानो ने भी संबोधित करते हुए बाल विवाह एवं डिजिटल हिंसा से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वक्ताओं ने किशोरियों एवं माताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी तरह की समस्या होने पर परिवार, शिक्षक एवं संबंधित संस्थाओं से सहयोग लेने की अपील की। कार्यशाला के दौरान किशोरियों एवं अभिभावकों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सवालों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह को रोकने के साथ-साथ किशोरियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित एवं जागरूक बनाना रहा।

### झारखंड में भी मिलावट के खिलाफ अभियान चलाने की जरूरत : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद।** जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, धनबाद जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष ए आईसीसी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की झारखंड में आए दिनों में खाद्य पदार्थों में लगातार मिलावट की सूचना मिल रही है खासकर पनीर, मिठाई, दूध और अन्य खाद्य पदार्थों में धड़ल्ले से यहां मिलावट किया जा रहा है जिससे झारखंड की जनता परेशान है और उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है सरकार को वैसे मिलावट करने वाले पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आने वाले महीना में त्योहारो का आगमन होगा। झारखंड में महाराष्ट्र के तर्ज पर जांच अभियान चलाने की जरूरत है ताकि लोग मिलावटी खाना खाने से बच सके और उनका स्वास्थ्य नहीं बिगड़े। महाराष्ट्र में केवल एक अधिकारी श्री तुकाराम मुंडे जो वहां के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के आयुक्त हैं उन्होंने अभियान चलाकर पूरे महाराष्ट्र में मिलावट करने के विरुद्ध अभियान चलाकर डर उत्पन्न कर दिया है उसी तर्ज पर झारखंड मैं भी खाद्य पदार्थ और खासकर मिठाई और दूध से बनने वाले चीजों पर छापे मार कर मिलावट खोरो को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करें।

### जरीडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बोकारो।** जरीडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 142/26, दिनांक 23 अगस्त 2026, के प्राथमिकी अभियुक्त बाल गोविन्द महतो (26 वर्ष) को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी रामगढ़ जिले के कुज्जू थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़काचुम्बा गांव का रहने वाला है। वह नागेश्वर महतो का पुत्र बताया गया है। मामला जरीडीह थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 एवं 351(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज की। जांच के क्रम में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, जिला प्रशासन अलर्ट

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के बाद गंगा नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जहां सोमवार को सुबह से ही गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। वही पूर्वाह्न सात बजे जलस्तर 27.32 मीटर, 11 बजे तक तथा अपराह्न तीन बजे बढ़कर 27.39 मीटर दर्ज किया गया। उधर गंगा नदी का खतरे का निशान 27.25 मीटर निर्धारित है। जहां जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। वही प्रशासन ने आमजनों से अपनी और परिवार की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा है कि बाढ़ की आशंका होने पर किसी भी तरह की देरी किए बिना सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। वही लोगों को जरूरी दस्तावेज, दवाइयां, मोबाइल फोन, टॉर्च, पीने का पानी, सूखा भोजन सहित अन्य आवश्यक सामान सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है। इसके अलावा बाढ़ की स्थिति में फ्रिज, वाटर पंप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बिजली के पैनल को भी ऊंचे स्थान पर रखने की अपील की गई है। वही घर की नालियों के रास्ते बाढ़ का पानी अंदर आने से रोकने के लिए मोटी जाली अथवा सीवर ट्रैप लगाने की सलाह दी गई है। नदी-घाट और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील उधर जिला प्रशासन ने लोगों को गंगा नदी, नालों, घाटों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत दी है। वही तेज बहाव वाले पानी को पार करने का प्रयास नहीं करने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई है। यदि कोई वाहन पानी में फंस जाए तो सुरक्षित अवसर मिलते ही वाहन छोड़कर ऊंचे स्थान पर जाने की सलाह दी गई है। वहीं, पानी में खड़े रहने अथवा गीले होने की स्थिति में बिजली के उपकरणों को नहीं छूने की चेतावनी दी गई है। मछुआरों और नाविकों से विशेष सावधानी की अपील वही गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने मछुआरों और छोटी नावों के नाविकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जहां नदी में अनावश्यक रूप से जाने, घाटों तथा तेज जलधारा वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से रेडियो, टीवी और प्रशासनिक माध्यमों से जारी होने वाली सूचनाओं पर लगातार नजर रखने की अपील की है। जहां जिला प्रशासन ने कहा है कि संभावित बाढ़ की स्थिति में सभी लोग धैर्य बनाए रखें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकें।

## पतना धरमपुर में झामुमो ने की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पतना:** प्रखंड क्षेत्र के पतना धरमपुर स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्मित कार्यालय में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जहां बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य सह युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी जी ने की। इस बैठक में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित मतदाता सूची में उत्पन्न विभिन्न विसंगतियों एवं त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही साथ इन त्रुटियों के समाधान की प्रक्रिया एवं आवश्यक कदमों के संबंध में कार्यकताओं को जानकारी दी गई। इसके अलावा, केंद्र सरकार के एमएमडीआर से संबंधित कानून व विधेयक को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। जहां इस विषय को लेकर पंचायत स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि आम जनता को इसके प्रावधानों एवं प्रभावों की सही जानकारी मिल सकें।

## हाथीबांध में भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन, विधायक प्रतिनिधि ने विजेता व उपविजेता टीम को किया पुरस्कृत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के आतापुर पंचायत के हाथीबांध मैदान में सोमवार को भैंसा लड़ाई का फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड क्षेत्र के घोड़ाबीर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। वही पतना प्रखंड क्षेत्र के आमगाछी टीम को उपविजेता घोषित किया गया। उधर प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू शामिल हुए जहां उन्होंने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के पारंपरिक आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की संस्कृति और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उधर प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और आयोजन का आनंद उठाया। वही प्रतियोगिता देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों की भीड़ जुटी रही। इस मौके पर झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य मो. एकलाकुर, प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, अब्दुल कादिर, बरनावास सोरेन, कीनू सोरेन, मंगल मरांडी समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में सोमवार को कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, प्रसव कक्ष, दवा केंद्र, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों ने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, चिकित्सकीय उपकरणों की स्थिति, मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं तथा अस्पताल परिसर के रखरखाव की जानकारी ली। उधर टीम ने संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। वही कायाकल्प टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करते हुए जहां बेहतर कार्यों की सराहना की, वहीं जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, वहां आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जहां टीम ने अस्पताल प्रबंधन को साफ-सफाई एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उधर निरीक्षण को लेकर अस्पताल प्रबंधन एवं स्वास्थ्यकर्मियों में भी सक्रियता देखी गई। उधर कायाकल्प टीम के निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना है, ताकि अस्पताल की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा सके।

## पति-पत्नी के विवाद में युवक ने पेट्रोल छिड़ककर खुद को लगाई आग, सदर अस्पताल में भर्ती



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में रविवार की देर रात को पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक युवक शिवसेन हेंब्रम पिता जेठा हेंब्रम के द्वारा कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाने का मामला सामने आया है। जहां इस घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, तेतरिया निवासी युवक का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। जहां विवाद के बाद युवक ने कथित रूप से पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग के हवाले कर दिया। वही आग की लपटों में घिरने के बाद आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। जहां लोगों ने किसी तरह आग बुझाई और युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उधर सदर अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में युवक का इलाज चल रहा है।

# तालझारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, दाहिना पैर कटा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** तालझारी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां हादसे में उसका दाहिना पैर कट गया, जबकि बायां पैर भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उधर घायल की पहचान तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के छोटाबन्ना पाड़ा, बाकुड़ी निवासी महेश मालतो उम्र 55 वर्ष पिता बड़ा बंगारू पहाड़िया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, महेश मालतो सोमवार दोपहर करीब सवा दो बजे अपनी बेटी करीना माल्टो से मिलने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, तालझारी जा रहा था। जहां इसी दौरान तालझारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर वह ट्रेन संख्या 53411 आजिमगंज जमालपुर पैसेंजर की चपेट में आ गया। जहां इस हादसे में उसका दाहिना पैर कट गया तथा जांघ के नीचे गंभीर चोट आई। वहीं बायां पैर भी घुटने के पास बुरी तरह घायल हो गया। उधर इस घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। जहां स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल की मदद की। वहीं सीएचसी तालझारी में तैनात ड्रेसर रामचंद्र ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद सहयोगी प्रजापति प्रकाश बाबा समेत अन्य लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी पहुंचाया गया। वही घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज के हेड कांस्टेबल सुनील उरांव एवं कांस्टेबल नितीश कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बेटी को घर ले जाने के लिए विद्यालय पहुंच रहा था पिता उधर परिजनों के अनुसार, महेश मालतो अपनी 18 वर्षीय बेटी करीना मालतो को विद्यालय में पर्व त्योहार की छुट्टी होने के बाद विद्यालय से घर ले जाने के लिए तालझारी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जा रहा था। जहां करीना विद्यालय में 10+2 की छात्रा है इसी दौरान स्टेशन पर यह हादसा हो गया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल व्यक्ति के छोटे भाई भीम सेन मालतो सहित अन्य परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी पहुंचे। एंबुलेंस नहीं मिलने पर ई-रिक्शा से पहुंचाया सदर अस्पताल वही सीएचसी तालझारी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जहां परिजनों का आरोप है कि घायल को सदर अस्पताल ले जाने के लिए समय पर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। इसके बाद गंभीर रूप से घायल महेश मालतो को परिजनों ने ई-रिक्शा पर लादकर सदर अस्पताल साहिबगंज पहुंचाया।

## संक्षिप्त खबरें

### संगठन की मजबूती से ही समाज की प्रगति संभव: बजरंगी प्रसाद यादव



**साहिबगंज:** उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय यादव महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव एवं प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। वही बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे पद्म भूषण से सम्मानित पूर्व लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद तथा राष्ट्रीय यादव महासभा के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति थे। जहां बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं राष्ट्रीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने की। जहां बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड में यादव महासभा को और अधिक मजबूत, संगठित एवं सक्रिय बनाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़ना और युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। वही उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा, जब समाज के सभी वर्गों के लोग आपसी एकता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ेंगे। वही झारखंड के सभी जिलों, प्रखंडों और पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करते हुए समाजहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सम्मान और युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों पर संगठन सकारात्मक एवं प्रभावी भूमिका निभाएगा।वही बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि राष्ट्रीय यादव महासभा के मार्गदर्शन में झारखंड प्रदेश यादव महासभा संगठन की एकजुटता और सामाजिक भागीदारी को और व्यापक बनाएगी। जहां उनका उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की आवाज बनना और राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभाना भी है। वही उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट हों। आगे उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी एकता के बल पर यादव समाज को सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

### यूएचएस भौंरा बांध में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन: नुरुल इस्लाम अंसारी अध्यक्ष और रसमेरी हांसदा बनी उपाध्यक्ष



**बरहरवा:** उत्क्रमित उच्च विद्यालय भौंरा बांध (यूडायस: 20090802501) में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन हेतु एक आमसभा का आयोजन किया गया। जहां बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बैजून मुर्मू के द्वारा की गई। इस अवसर पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में मो. आरिफ राजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जहां आमसभा में उपस्थित अभिभावकों व ग्रामीणों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया व मतदान के जरिए समिति का पुनर्गठन संपन्न कराया गया। जहां अध्यक्ष पद के मतदान प्रक्रिया के दौरान नुरुल इस्लाम अंसारी की विद्यालय प्रबंधन समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। वही उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से रसमेरी हांसदा का चयन उपाध्यक्ष पद के लिए किया गया। उधर पर्यवेक्षक मो. आरिफ राजा एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में नवचयनित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की गई। जहां बैठक में उपस्थित ग्रामीणों व शिक्षकों ने नवगठित समिति को बधाई दी और विद्यालय के सर्वांगीण विकास व पठन पाठन व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई है।

### उप विकास आयुक्त नेकिया सदर अस्पताल का निरीक्षण




**साहिबगंज:** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने सोमवार को जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां इस दौरान उनके साथ सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान व डॉ. मुकेश कुमार मौजूद थे।इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सदर अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था, इमरजेंसी सेवाओं, मरीजों की चिकित्सकीय देखभाल का जायजा लिया। वही भर्ती मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही साथ सुधार के निर्देश दिए है। वही सदर अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों के बेड पर प्रतिदिन चादर बदलने की बात कही गई है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि मरीजों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है इस पर अस्पताल प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है। इधर उप विकास आयुक्त ने एसएनसीयू वार्ड का भी जायजा लेते हुए कई निर्देश दिए है। वही सुरक्षा गार्ड को ड्यूटी के प्रति कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि ईमानदारी के साथ ड्यूटी करें।

### सदर अस्पताल का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**साहिबगंज:** सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द ने रविवार की देर रात जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, वार्डों की व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उधर निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। वही उन्होंने मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा, आवश्यक दवाएं तथा अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर विशेष निर्देश दिए। वही मौके पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुमार अंकित से अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं मरीजों के इलाज से संबंधित जानकारी लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# संपादकीय

## कांग्रेस को कभी भी रास नहीं आया वन्देमातरम

कांग्रेस की वर्किंग कमेटी कुछ नया नहीं कर रही। जन्म से अब तक कांग्रेस तुष्टिकरण करती रही है। भारत और भारतीयता इसकी नस में नहीं। वंदेमातरम् इसको कभी भी रास नहीं आया। यह अलग बात है कि भारत की संसद से राष्ट्रगान घोषित किए जाने के बाद भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ सोनिया गांधी समेत कांग्रेस पार्टी ने फिर से इसे सम्पूर्णता से गाने से इनकार कर दिया। स्वाधीन भारत की संसद का यह अपमान देश जरूर देख रहा है। तथ्यों को समझने के लिए इतिहास में झाँकना जरूरी है ताकि प्रमाणित हो सके कि भारत और भारतीयता के तत्व कांग्रेस के लिए कितने महत्वहीन रहे हैं। बंकिम बाबू का आनंद मठ 1882 में प्रकाशित हो गया। इसके दसवें वर्ष जब इस उपन्यास से लेकर वन्देमातरम गीत को कांग्रेस के मंच पर 1892 में कलकत्ता अधिवेशन में गाने की बात आई उसी समय इसका विरोध शुरू हो गया। यद्यपि वन्देमातरम उसी समय बंगाल में जन गीत बन चुका था किंतु कांग्रेस के कुछ नेताओं और मुस्लिम प्रतिनिधियों को यह पसंद नहीं था। फिर 1905 से 1908 में बंगाल आंदोलन का दौर आया। वन्देमातरम इस आंदोलन का आधार गीत बन गया। अंग्रेजी हुकूमत ने इसका प्रभाव कम करने के लिए मुसलमानों को खूब उकसाया। बावजूद इसके 1906 में कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया गया। इसके बाद तो वंन्देमातरम गीत भारत ही भारत की स्वाधीनता का गान बन गया। इस गीत ने क्रांतिकारियों को अपार ऊर्जा दी। फांसी पर झूलने वाले हर बलिदानी ने इसे ही गाया। भारत की स्वाधीनता के बाद अब जबकि भारत की संसद ने इसे राष्ट्रगान का दर्जा देकर इसके लिए प्रोटोकॉल निर्धारित कर दिए हैं।

## आज का राशिफल

**मेषः** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा।

**वृषः** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुनः** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्कः** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंहः** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कन्याः** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**तुलाः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा
धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**वृश्चिकः** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनुः** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकरः** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुम्भः** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मीनः** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

## दैनिक पंचांग

**25 अगस्त को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.21 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 09.32 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 11.47 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 14.03 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मकर | 16.08 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.55 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.27 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 20.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.38 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 00.36 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कर्क | 02.50 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 05.06 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 237 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 06.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 22.52 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 07.41 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 06.21 बजे तदनन्तर कौलव 19.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 49'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872812
**जूलियन दिन** 2461277.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** रवि उलावल **तारीख** 11
**विशेष** चतुर्थ मंगला गौरी, भौम प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# पूंजी की संजीवनी या स्थायी समाधान की तलाश?



- रावेल पुष्प




भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के साधारण बीमा व्यवसाय के सामने खड़ा संकट अब केवल कुछ सरकारी कंपनियों के लाभ-हानि का विषय नहीं रह गया है। यह प्रश्न करदाता के धन, करोड़ों पॉलिसीधारकों के हित, सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका और देश की वित्तीय स्थिरता से जुड़ गया है। चार सरकारी साधारण बीमा कंपनियां– नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस- आज भी देश के बीमा बाजार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वर्ष 1972 में साधारण बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण के बाद 107 बीमा कंपनियों को इन चार प्रमुख कंपनियों में समाहित किया गया था। समस्या यह है कि चारों कंपनियों की वित्तीय स्थिति एक जैसी नहीं है। न्यू इंडिया एश्योरेंस अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है, जबकि नेशनल, ओरिएंटल और यूनाइटेड इंडिया लंबे समय से सोलवेंसी की चुनौती से जूझ रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में न्यू इंडिया एश्योरेंस ने लगभग ?1,384 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि यूनाइटेड इंडिया को लगभग ?4,839 करोड़, ओरिएंटल इंश्योरेंस को लगभग ?4,061 करोड़ और नेशनल इंश्योरेंस को लगभग ?2,534 करोड़ का घाटा हुआ। तीनों कंपनियों का संयुक्त घाटा ?11,400 करोड़ से अधिक रहा। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 31 मार्च 2026 को नेशनल इंश्योरेंस का सोलवेंसी रेशियो लगभग -1.10, ओरिएंटल का -1.60 और यूनाइटेड इंडिया का -1.40 था। इसके विपरीत न्यू इंडिया एश्योरेंस का रेशियो 1.84 था। प्रश्न है कि सोलवेंसी मार्जिन आखिर इतना महत्वपूर्ण क्यों है। बीमा कंपनी के लिए केवल लाभ कमाना पर्याप्त नहीं है। उसका सबसे महत्वपूर्ण दायित्व भविष्य में पॉलिसीधारकों के दावों का भुगतान करना है। इसलिए उसके पास संभावित जोखिमों और अप्रत्याशित दावों को झेलने के लिए पर्याप्त पूंजी होनी चाहिए। सरकार की बीमा नियामक संस्था- इरडा के फ्रेम में बीमाकर्ता के लिए सोलवेंशी रेशियो 1.50 गुना रखा गया है। इसका अर्थ है कि बीमाकर्ता को अपने जोखिमों के मुकाबले पर्याप्त अर्थ भंडार बनाए रखना होगा। बीमा नियामक संस्था स्वयं स्पष्ट करती हैं कि बीमाकर्ता को हर समय 1.50 का सोलवेंशी मार्जिन बनाए रखना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर शेयर दाताओं को अतिरिक्त पूंजी उपलब्ध करानी होती है। इसलिए किसी कंपनी का अकांउट लाभ और उसकी सोलवेंसी दो अलग-अलग बातें हैं। लाभ आज की कमाई बताती है; जबकि सोलवेंसी भविष्य की देनदारियों को पूरा करने की क्षमता दशार्ती है। यही अंतर सरकारी साधारण बीमा कंपनियों की वर्तमान समस्या को समझने की कुंजी है। अब हम ये देखें कि क्या सरकार ने पहले भी इन कम्पनियों को बचाने के लिए पूंजी डाली? उत्तर यही है कि डाली है– और पर्याप्त मात्रा में डाली है। केंद्र सरकार ने 2020 में नेशनल, ओरिएंटल और यूनाइटेड इंडिया में कुल ?12,450 करोड़ की पूंजी डालने को मंजूरी दी थी। सरकार ने स्वयं कहा था कि इस पूंजी का उद्देश्य उनकी वित्तीय एवं सोलवेंसी स्थिति सुधारना, जोखिम व्यवस्था मजबूत करना और लाभजनक तरक्की को बढ़ावा देना है। उसी समय सरकार ने यह भी स्पष्ट किया था कि तत्कालीन परिस्थितियों में प्रस्तावित एकीकरण को रोककर कंपनियों की सोलवेंसी और लाभजनक तरक्की पर ध्यान दिया जाएगा। यहीं से एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है– यदि पूंजी डालने के बाद कुछ वर्षों में तीनों कंपनियां फिर से उसी सोलवेंसी संकट में पहुंच जाती हैं, तो क्या केवल और पूंजी डालना स्थायी समाधान हो सकता है? इसका उत्तर उतना सहज नहीं है। पूंजी किसी बीमार बीमा कंपनी को समय दे सकती है; लेकिन यदि अंडरराइटिंग व्यवसाय लगातार घाटे में है, मूल्य कमजोर है, दावों का दबाव अधिक है और व्यवस्थागत खर्च ऊँचा है, तो नई पूंजी भी धीरे-धीरे समाप्त हो सकती है। अर्थात ह्लकैपिटल कंफ्यूजनह्वआवश्यक हो सकता है, लेकिन वह स्ट्रक्चरल रिफार्म़ का विकल्प नहीं है। वर्ष 2018 में सरकार ने इन कम्पनियों के एकीकरण का रास्ता क्यों चुना था? यह तथ्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार स्वयं एक समय इन साधारण बीमा कंपनियों के एकीकरण को समाधान का हिस्सा मान चुकी है। वर्ष 2018 के बजट में सरकार ने नेशनल इंश्योरेंस, युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और ओरिएंटल इंश्योरेंस को एकीकृत कर एक बीमा कंपनी बनाने की घोषणा की थी।

क्या उस समय एकीकरण को स्थगित करना सही रणनीति थी या अब परिस्थितियां सरकार को उसी विकल्प पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर रही हैं? चार सरकारी कंपनियां- एक ही मालिक, फिर भी आपस में प्रतिस्पर्धा यह समस्या का एक कम चर्चित लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। चारों कंपनियों का स्वामित्व सरकार के पास है, लेकिन वे बाजार में एक-दूसरे से भी गलाकाट प्रतिस्पर्धा करती हैं। यदि यह प्रतिस्पर्धा स्वस्थ मूल्य और बेहतर सेवा के आधार पर हो तो इसका लाभ उपभोक्ता को मिल सकता है, लेकिन यदि मार्केट शेयर यानि बीमा बाजार में हिस्सा हासिल करने के लिए बीमा शुल्क को अनावश्यक रूप से कम किया जाए, तो इसका परिणाम अंडरराइटिंग लॉस के रूप में सामने आएगा ही। आज के संकट की व्याख्या करते हुए उद्योग विश्लेषणों में कमजोर मूल्य अनुशासन, खराब व्यवसाय मेल, लगातार ऊंचे दावे और ज्यादा बीमा प्राप्त करने के लिए अधिक छूट को प्रमुख कारणों में गिना गया है। इसका अर्थ है कि समस्या केवल पूंजी की नहीं, व्यवसाय के तौर तरीकों की भी है। रिजर्व बैंक की चिंता क्यों महत्वपूर्ण है? अब यह विषय केवल वित्त मंत्रालय या इरडा तक सीमित नहीं है। रिजर्व बैंक की फाइनेंशियल स्टैबिलिटी रिपोर्ट में तीन सरकारी साधारण बीमा कंपनियों की सोलवेंसी स्थिति पर चिंता सामने आई है। उपलब्ध रिपोर्टिंग के अनुसार वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 की प्रत्येक तिमाही में इन तीनों की सोलवेंसी रेगुलेटरी थ्रेशहोल्ड 1.5 से नीचे रही। इसका महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि बीमा सेक्टर वित्तीय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसी बड़ी बीमा कंपनी की वित्तीय कमजोरी अंततः पालिसी प्राप्तकर्ता, देनदार, शेयरहोल्डर और सरकारी खजाने पर असर डाल सकती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं है कि कंपनी को बचाया जाए या नहीं? बल्कि यह है कि उसे किस प्रकार बचाया जाए कि बार-बार टैक्स देने वालों के पैसों की जरूरत न पड़े?

इरडा का दृष्टिकोण - कंपनी बड़ी हो या छोटी, सोलवेंसी तो हर हाल में जरूरी इरडा का मुख्य उद्देश्य मालिकाना की बनावट तय करना नहीं, बल्कि बीमा प्राप्तकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नियामक की दृष्टि से चाहे कंपनी सरकारी हो या निजी, उसे पर्याप्त कैपिटल और सोलवेंसी बनाए रखनी ही होगी। इरडा का 1.50 का कन्ट्रोल लेवल सोलवेंसी की जरूरत इसी दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसलिए किसी एकीकरण को केवल इसलिए उचित नहीं माना जा सकता कि उससे कंपनी बहुत बड़ी हो जाएगी।वर्ष 2018 में सरकार का प्रस्ताव भी तीन कंपनियों को मिलाकर एक कम्पनी बनाने का था और उसने एकीकरण से इन्फ्रास्ट्रक्चर के बेहतर उपयोग तथा सोल्वेंसी सुधार की संभावना बताई थी। लेकिन एकीकरण के विरुद्ध भी गंभीर तर्क हैं। सबसे बड़ा प्रश्न है– क्या मजबूत न्यू इंडिया एश्योरेंस को तीन कमजोर कंपनियों के साथ मिलाना उचित होगा? यदि एक फाइनेंशियली स्वस्थ कंपनी को तीन फाइनेंशियली रूग्ण कंपनी के साथ मिला दिया जाए, तो कमजोर बैलेंस शीट का बोझ मजबूत कंपनी पर आ सकता है। इसलिए एकीकरण कोई जादुई छड़ी नहीं है। कर्मचारी यूनियनों का पक्ष यहाँ एक रोचक तथ्य है। सरकार के बाहर केवल अर्थशास्त्री या विश्लेषक ही एकीकरण की बात नहीं कर रहे। जेनरल इंश्योरेंस इंप्लाईज आल इंडिया एसोसिएशन ने अगस्त 2024 में वित्त मंत्री को दिए अपने स्मारपत्र में चारों सरकारी साधारण बीमा कंपनियों को एक कंपनी में तब्दील करने की बात की थी। यूनियन का दृष्टिकोण मूलतः यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों को कमजोर करके या अलग-अलग करके नहीं, बल्कि एक मजबूत सार्वजनिक संस्था के रूप में पुनर्गठित किया जाए। यह दृष्टिकोण प्राइवेटाइजेशन की अपेक्षा कंसोलिडेशन को प्राथमिकता देता है।

सरकार के समक्ष तीन विकल्प- पहला यह कि केवल रिकैपिटलाइजेशन यानी सरकार पूंजी डालती रहे और कंपनियों को अलग-अलग चलाती रहे। इसका लाभ यह है कि तत्काल सोलवेंसी संकट से निपटा जा सकता है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि यदि आपरेटिंग लॉस बना रहे तो कुछ वर्षों बाद फिर पूंजी की जरूरत पड़ेगी। यह शार्ट टर्म स्टैबिलाइजेशन है, लांग टर्म साल्यूशन नहीं।दूसरा रास्ता : तीन कमजोर कंपनियों का एकीकरण नेशनल + ओरिएंटल + युनाइटेड इंडिया को मिलाकर एक इकाई बनाई जाए और न्यू इंडिया को अलग रखा जाए। इसका लाभ यह हो सकता है कि न्यू इंडिया की मजबूत बैलेंस शीट को कमजोर कंपनियों के साथ मिलाने का जोखिम न हो, लेकिन तीन कमजोर कंपनियों को जोड़ने से अपने आप मजबूत व्यवसाय का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाएगा। साधारण बीमा पेंशनर्स ट्रस्ट के नेता बिजन बागची का स्पष्ट मत है कि चारों का स्ट्रैटेजिक कंसोलिडेशन यानी चारों कंपनियों को एक राष्ट्रीय पब्लिक सेक्टर जेनरल इंश्योरेंस में मिलाया जाए। यह सबसे बड़ा स्ट्रक्चरल रिफार्म़ होगा, लेकिन इसके पहले स्वतंत्र एक्चूरियल और फाइनेंशियल डिउ डिलीजेंस जरूरी होगी। उनका यह भी कहना है कि प्राइवेट बीमा कंपनियां तभी तक अच्छी हैं जब तक कोई क्लेम न देना पड़े। वे तो सीधे और स्पष्ट शब्दों में अब यही नारा बुलंद करते हैं कि एक देश, एक सरकारी साधारण बीमा कंपनी! उसी तरह जिस तरह हमारी सरकारी जीवन बीमा कम्पनी है और प्राइवेट कंपनियां आने के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर रही है। क्या चारों को एक कर देना ही सर्वोत्तम विकल्प है? मेरी दृष्टि में चार को एक करना ही सिर्फ. अपने आप में समाधान नहीं, लेकिन चार को एक मजबूत, व्यावसायिक और उत्तरदायी संस्था में बदलना एक गंभीर नीतिगत विकल्प जरूर है।

(लेखक के निजी विचार)

# मक्का रक्षा समझौता और भारतीय उपमहाद्वीप का बदलता भू-राजनीतिक चक्रव्यूह

– डॉ. मयंक चतुवेर्दी

मक्का में सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच सात अगस्त 2026 को हुआ ह्यमक्का संयुक्त रक्षा समझौताह्न भारतीय उपमहाद्वीप में ऐसे समय में सामने आया है जब मध्य-पूर्व में जारी संघर्षों ने पारंपरिक सुरक्षा समीकरणों को हिला दिया है। समझौते के तहत तीनों देशों ने सामूहिक प्रतिरोध को मजबूत करने और किसी एक सदस्य पर सशस्त्र हमले को तीनों पर हमला मानने की प्रतिबद्धता जताई है।

भारत के लिए इस घटनाक्रम की गंभीरता तब और बढ़ जाती है, जब इसी समझौते के प्रति बांग्लादेश ने भी सकारात्मक रुख के संकेत दिए हैं। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि ढाका सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये से जुड़े आर्थिक या रक्षा ढांचे में शामिल होने की संभावना के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। ऐसे में मक्का समझौते को इस्लामिक मजहबी करण के उम्मा के तहत एकजुटता के चश्मे से भी देखा जा रहा है।

तुर्किये के पास विकसित होती रक्षा औद्योगिक क्षमता है, जबकि पाकिस्तान के पास बड़ा सैन्य ढांचा और परमाणु क्षमता है, इसलिए इसे ह्यइस्लामिक नाटोह्न तक कहा जा रहा है। बांग्लादेश की रुचि इसी कारण महत्वपूर्ण है। ढाका ने अभी समझौते में शामिल होने की घोषणा नहीं की है, किंतु उसके वरिष्ठ अधिकारियों के वक्तव्य यह स्पष्ट करते हैं कि वह पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के साथ अपने संबंधों को व्यापक बनाने के विकल्प को खुला रख रहा है।एक ओर हुमायूं कबीर ने बांग्लादेश फर्स्ट नीति के तहत राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही है। दूसरी ओर विदेश मामलों की राज्यमंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने भी कहा है कि किसी बहुपक्षीय समझौते में शामिल होने का निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि उससे बांग्लादेश और उसके लोगों के हित सुरक्षित होते हैं या नहीं।स्वभाविक है, यदि बांग्लादेश भविष्य में इस ढांचे के किसी रक्षा स्वरूप से जुड़ता है, तो भारत के लिए यह बेहद चिंता का विषय है। क्योंकि इससे भारत के पूर्वोत्तर की रणनीतिक स्थिति पर उसका प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से सिलीगुड़ी कॉरिडोर भारत की सुरक्षा संरचना का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा है। पश्चिम बंगाल के उत्तर में स्थित यह संकीर्ण भूभाग देश के मुख्य हिस्से को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। किसी भी बड़े सैन्य संकट में इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। वहीं, भारत के पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर में चीन पहले से ही सुरक्षा चुनौती हैं।यहां सबसे बड़ा खतरा किसी तत्काल युद्ध का भले ही न हो, पर बहुस्तरीय दबाव का निर्माण अभी से दिखाई दे रहा है। यदि पाकिस्तान की सैन्य क्षमता, तुर्किये की रक्षा तकनीक और बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति किसी भविष्य के संकट में एक-दूसरे के पूरक बनते हैं, तो भारत को एक साथ पश्चिमी और पूर्वी दिशाओं में अतिरिक्त सैन्य संसाधन लगाने पड़ेंगे। वहीं मक्का समझौता पाकिस्तान को अपनी क्षेत्रीय और इस्लामी दुनिया की कूटनीति में नया मंच भी देगा।पाकिस्तान पहले से सऊदी अरब के साथ रक्षा संबंधों में गहराई रखता है और तुर्किये के साथ उसके सैन्य संबंध भी मजबूत हैं। मक्का समझौता इन द्विपक्षीय रिश्तों को एक त्रिपक्षीय ढांचे में जोड़ता है। ऐसे में भारत के लिए चुनौती यह है कि पाकिस्तान भविष्य में इस मंच का उपयोग कश्मीर सहित भारत से जुड़े मुद्दों को व्यापक अंतरराष्ट्रीय या इस्लामी कूटनीतिक विमर्श में ले जाने के लिए भी कर सकता है।अब भारत के संदर्भ में एक पक्ष ओर भी है, देश की बाहरी सुरक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण आंतरिक स्थिरता भी है। आतंकवाद और इस्लामिक जिहादी, चरमपंथी नेटवर्क किसी भी संभावित सैन्य संकट में बाहरी शक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष दबाव का माध्यम बनते हैं, इसलिए खुफिया एजेंसियों, राज्य पुलिस, आतंकवाद निरोधी इकाइयों, वित्तीय जांच एजेंसियों और साइबर सुरक्षा तंत्र के बीच वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत करना होगा। ह्यगजवा-ए-हिंदह्न जैसी हिंसक चरमपंथी विचारधाराओं का मुकाबला सख्ती के साथ करना होगा।दूसरी ओर मक्का समझौते का सबसे बड़ा सबक भारत के लिए यह है कि भू-राजनीति स्थिर नहीं है। आज का साझेदार कल किसी दूसरे रणनीतिक ढांचे का हिस्सा हो सकता है, इसलिए भारत की सुरक्षा नीति को किसी एक देश या किसी एक संभावित युद्ध पर केंद्रित रहने के बजाय पूरे हिंद महासागर से लेकर हिमालय और पूर्वोत्तर तक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना होगा।भारत को एक साथ चार काम करने होंगे, पहला- बांग्लादेश के साथ उच्चस्तरीय रणनीतिक संवाद बनाए रखना, दूसरा- पूर्वोत्तर और सिलीगुड़ी कॉरिडोर की संरचनात्मक सुरक्षा बढ़ाना, तीसरा- बंगाल की खाड़ी में समुद्री श्रेष्ठता कायम रखना और अंतिम- पाकिस्तान-तुर्किये की रक्षा साझेदारी से उत्पन्न संभावित तकनीकी चुनौतियों के लिए स्वदेशी क्षमता विकसित करते रहना, जिस पर कि इन दिनों कार्य होता हुआ भी दिखता है। अंतिम और महत्वपूर्ण बात हय है कि भले ही मक्का रक्षा समझौता आज भारत के खिलाफ घोषित सैन्य गठबंधन नहीं हो, फिर भी यह सच है कि बांग्लादेश द्वारा इसमें संभावित भागीदारी के प्रति दिखाई गई सकारात्मकता भारतीय उपमहाद्वीप के लिए एक अलग चुनौती खड़ा करती है। यदि पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश किसी ऐसे व्यापक सुरक्षा नेटवर्क के करीब आते हैं, जिसमें तुर्किये जैसी रक्षा तकनीकी शक्ति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, तो भारत के सामने योजनात्मक गणित निश्चित रूप से जटिल होगा।तब हमें जरूर ध्यान रखना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बड़े संकट अक्सर किसी संधि के हस्ताक्षर के दिन से आरंभ होकर बाद में बनते हुए नेटवर्कों से आकार लेते हैं। बांग्लादेश की वर्तमान रुचि इसी उभरते नेटवर्क का पहला संकेत हो सकती है, जिसे शुरूआत में ही जड़ से उखाड़ा जाना बेहद जरूरी है।

(लेखक के निजी विचार)

# बोल बम के जयघोष से गूंजा कोडरमा, अंतिम सोमवारी पर ध्वजाधारी धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## उपशीर्षक : 15 किमी की कांवर यात्रा के बाद 777 सीढ़ियां चढ़कर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक, प्रशासन रहा मुस्तैद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को कोडरमा पूरी तरह शिवमय नजर आया। झुमरीतिलैया के झरनाकुंड धाम से ध्वजाधारी धाम तक आयोजित कांवर पदयात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। अहले सुबह से ही कांवरियों के जत्थे जल लेकर ध्वजाधारी धाम की ओर रवाना होने लगे। पूरे मार्ग में हाबोल बमह और हाहर-हर महादेवह के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्री राम संकीर्तन मंडल की ओर से आयोजित कांवर पदयात्रा में कोडरमा के अलावा चतरा, हजारीबाग और गिरिडीह सहित अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे। भक्ति गीतों पर झूमते हुए कांवरिए बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए आगे बढ़ते रहे। अंतिम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



### 15 किमी पैदल सफर के बाद 777 सीढ़ियों की चढ़ाई

कांवरियों ने झरनाकुंड धाम से जल उठाकर करीब 15 किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। यात्रा का कुछ हिस्सा जंगल क्षेत्र और फिर एनएच से होकर ध्वजाधारी पहाड़ तक पहुंचा। यहां पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने 777 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ पर स्थित भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ने बाबा भोलेनाथ से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ध्वजाधारी धाम में सावन के दौरान जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है। इसी आस्था के कारण प्रत्येक वर्ष अंतिम सोमवारी पर यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

### जगह-जगह सेवा शिविर, श्रद्धालुओं को कराया गया जलपान

कांवरियों की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगाए गए थे। शिविरों में श्रद्धालुओं के लिए शर्बत, नींबू पानी, फलाहार और पेयजल की व्यवस्था की गई। स्वयंसेवक भी कांवरियों की सहायता में जुटे रहे।

## आम्रेश्वर धाम में जेएलकेएम ने लगाया निःशुल्क सेवा शिविर, शिवभक्तों को स्वास्थ्य सेवा और भंडारे की सुविधा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**खूंटी।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी के अवसर पर आम्रेश्वर धाम में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से शिवभक्तों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ भंडारे की भी व्यवस्था की गई। जेएलकेएम के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि पार्टी जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुंचते हैं। इसे देखते हुए शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के तमाम पदाधिकारियों और क्रांतिकारी सदस्यों के सहयोग से भविष्य में भी आम जनता के लिए इस तरह के निःशुल्क सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के अलावा अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग किया।

## नवीन कुमार आर्या ने संभाली रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा की कमान

### 68वें पदस्थापना समारोह में नई टीम ने लिया क्रिएट लास्टिंग इंपैक्ट का संकल्प, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य हुए सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा का 68वां पदस्थापना समारोह रविवार को शिव वाटिका में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2026-27 के लिए रोटेरियन नवीन कुमार आर्या ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी बाल विद्यालय के बच्चों के आकर्षक स्वागत नृत्य और दीप प्रज्वलन से हुई। सत्र 2025-26 के अध्यक्ष रोटेरियन संतोष सिन्हा ने अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन योगेश गंभीर ने नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार आर्या को कॉलर एवं चार्टर प्रदान कर विधिवत पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान रोटेरियन मोहक सुल्तानिया ने सचिव तथा रोटेरियन सिमरनजीत सिंह ने कोषाध्यक्ष का पदभार संभाला। समारोह में सत्र 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोटरी सदस्यों को सम्मानित किया गया। वहीं गौतम भदानी और अजीत बर्मन को रोटरी परिवार में नए सदस्य के रूप में शामिल करते हुए रोटरी पिन प्रदान किया गया। सेवा कार्यों को नई ऊर्जा देने का संकल्प पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने हाक्रिएट लास्टिंग इंपैक्ट के संकल्प के साथ समाज में सकारात्मक एवं स्थायी बदलाव लाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने रोटरी के सेवा कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने और जरूरतमंदों तक सेवा का लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन शैलेश दारूका ने किया। वहीं परियोजना निदेशक रोटेरियन ऋतु सेठ ने समारोह की आकर्षक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य, इनर व्हील क्लब की सदस्याएं तथा समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार आर्या एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन आरती आर्या ने मुख्य अतिथि रोटेरियन योगेश गंभीर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## मरकच्चो में सजी दीदियों की हस्तनिर्मित राखियां, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा कदम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### पलाश से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाया राखी स्टॉल, अधिकारियों ने किया उद्घाटन




**मरकच्चो।** रक्षाबंधन के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल के तहत मरकच्चो प्रखंड कार्यालय परिसर में पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित राखियों का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल का उद्घाटन अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन ने किया। स्टॉल पर स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार की गई विभिन्न डिजाइन और आकर्षक रंगों वाली राखियां बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय की महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक राखियों की खरीदारी की। उन्होंने राखियों की गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और किफायती कीमत की सराहना करते हुए महिला समूहों के प्रयास की प्रशंसा की। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को अपने हुनर के जरिए आय का साधन उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को बाजार भी मिलेगा। पलाश से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लोगों से अपील की कि रक्षाबंधन के अवसर पर बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों के बजाय दीदियों द्वारा मेहनत से तैयार की गई स्वदेशी राखियों को प्राथमिकता दें। इससे महिलाओं का उत्साह बढ़ेगा और ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

## दो ट्रकों की भिड़ंत, चार घंटे तक केबिन में फंसा रहा चालक

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर रामगढ़ स्थित गोबरदरहा चौक के पास सोमवार को दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में पाइप लदे ट्रक का चालक और खलासी केबिन में बुरी तरह फंस गए। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला जा सका। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे पाइप लदे ट्रक संख्या (यूपी 41 बीटी 4778) की गोबरदरहा चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक संख्या (जेएच 10 सीएम 0221 )से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पाइप लदे ट्रक के चालक मुलायम यादव और खलासी हरिकेश यादव, दोनों केबिन में फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एनएचएआई की रेस्क्यू टीम और स्थानीय लोगों की मदद से पहले खलासी हरिकेश यादव को बाहर निकाला और सदर अस्पताल भेजा। वहीं, करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद चालक मुलायम यादव को भी केबिन से बाहर निकाला गया।

## श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए करेंगे आंदोलन : जयंत सिन्हा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रामगढ़।** जिला औद्योगिक विकास और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसकी कीमत श्रमिकों की जान, सुरक्षा और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के रूप में नहीं चुकाई जा सकती। गंभीर औद्योगिक हादसों की निष्पक्ष जांच के साथ यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि जांच में क्या निष्कर्ष सामने आए। किसकी जिम्मेदारी तय हुई और पीड़ित परिवारों और घायल श्रमिकों को मुआवजा एवं अन्य वैधानिक सहायता मिली या नहीं। उक्त बातें सोमवार को पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने लॉ मेरिटल होटल में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में हाल के महीनों में हुए हादसों, श्रमिक सुरक्षा, मुआवजा, प्रशासनिक निगरानी और प्रदूषण के मुद्दे पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने 06 अप्रैल 2026 को झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, हेसला में हुए भट्ठी हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि हादसे में नौ श्रमिक झुलसे थे, जिनमें इलाज के दौरान पांच की मृत्यु हो गई। उन्होंने जांच रिपोर्ट, उसके आधार पर हुई कार्रवाई और पीड़ित परिवारों और घायल श्रमिकों को उपलब्ध कराई गई सहायता की स्थिति सार्वजनिक करने की मांग की। 09 अगस्त 2026 को श्रीराम पावर एंड स्टील में हुए भट्ठी हादसे में नौ श्रमिकों के घायल होने और एक श्रमिक की इलाज के दौरान मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने जांच की वर्तमान स्थिति और कार्रवाई स्पष्ट करने की मांग की। मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात, हेहल की हालिया औद्योगिक दुर्घटना में तीन इंजीनियरों की मौत और एक कर्मचारी के घायल होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को हुए समझौते के अलावा यदि कोई अन्य वैधानिक लाभ देय है तो उसे भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। घायल कर्मचारी को समुचित उपचार और लागू सहायता मिलनी चाहिए। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक गंभीर औद्योगिक हादसे के बाद केवल जांच कर मामला समाप्त नहीं होना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि हादसा क्यों हुआ, सुरक्षा व्यवस्था में क्या कमी थी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। उन्होंने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों के पीएफ, ईएसआई, बीमा, सुरक्षा प्रशिक्षण और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की नियमित जांच की मांग की। साथ ही उन्होंने प्रशासन से यह स्पष्ट करने को कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों का अंतिम सुरक्षा निरीक्षण कब हुआ, निरीक्षण में क्या कमियां मिलीं और दिए गए सुधारात्मक निर्देशों का अनुपालन हुआ या नहीं। पूर्व सांसद ने रामगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण को भी गंभीर स्थानीय चिंता बताया। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण, औद्योगिक धूल, उत्सर्जन और भारी वाहनों की आवाजाही से संबंधित शिकायतों की तथ्यात्मक जांच एवं नियमित निगरानी होनी चाहिए, जहां पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन प्रमाणित हो, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने ओवरलोडिंग और औद्योगिक वाहनों से जुड़े सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की शिकायतों की भी जांच कर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। प्रशासन के समक्ष जयंत सिन्हा ने मांग की कि सभी गंभीर और घातक औद्योगिक हादसों की जांच शीघ्र पूरी की जाए। जिन मामलों में जांच पूरी हो चुकी है, उनके निष्कर्ष और कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की जाए।

## झारखंड के 10 जिलों में 27 अगस्त को भारी बारिश का येलो अलर्ट

### आकाशीय बिजली और तेज हवा की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 27 अगस्त को राज्य के 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रांची, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लातेहार, चतरा और गिरिडीह शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इन जिलों में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। विभाग ने लोगों को मौसम की स्थिति को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। राज्य में 28 अगस्त तक अलग-अलग जिलों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडुंगी में राज्य में सबसे अधिक 97 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान गुमला में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,



जबकि लातेहार में सबसे कम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। बारिश के कारण मौसम सुहाना रहा और तापमान में गिरावट के चलते वातावरण में ठंडक महसूस की गई। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम 26.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.1 और न्यूनतम 25.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम 25.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32.8 और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित जिलों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। खास तौर पर लोगों से कहा गया है कि वे बिजली कड़कने और तेज हवाओं के दौरान खुली जगहों पर जाने से बचें।

## एक नजर

### बिल्डरवा के पापा के गीतों पर झूमे शिवभक्त, कोडरमा में देर रात तक गूंजा भक्ति संगीत

**कोडरमा।** कांवर पदयात्रा के अवसर पर सामाजिक लोकतांत्रिक कमिटी, दुधिमाटी-लक्खीबागी, कोडरमा की ओर से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मगही-भोजपुरी के चर्चित गायक ओमप्रकाश अकेला बिल्डरवा के पापा सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कांवर पदयात्रा में शामिल हजारों शिवभक्तों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया। भक्ति गीतों और भोजपुरी-मगही गीतों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। लंबी कांवर यात्रा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं की थकान भी दूर कर दी। भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि भक्ति और भजन का आनंद ही अलग होता है। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति गीतों के बीच शिवभक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। उन्होंने कहा कि आस्था के इस जनसैलाब में हजारों लोगों की भागीदारी कोडरमा के लिए गौरव की बात है। धार्मिक आयोजनों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं को और बढ़ाने की जरूरत है। सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि कोडरमा के सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक विकास के लिए वे हरसंभव सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, सामाजिक लोकतांत्रिक कमिटी के अध्यक्ष बिरजू यादव, वार्ड पार्षद नारायण यादव, विजय यादव, संतोष चन्द्रवंशी और संदीप यादव सहित आयोजन समिति के सदस्य, पदाधिकारी एवं राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ध्वजाधारी मेले में पहुंचा विधिक सहायता केंद्र, श्रद्धालुओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**कोडरमा।** सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर ध्वजाधारी आश्रम परिसर में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं की सहायता और कानूनी जागरूकता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा की ओर से विधिक सहायता केंद्र स्थापित किया गया। केंद्र के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं अन्य श्रद्धालुओं को विभिन्न कानूनी सेवाओं और उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने श्रद्धालुओं के बीच जागरूकता पर्चे वितरित किए। पर्चों के जरिए आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, निःशुल्क कानूनी सहायता तथा टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इसका नेतृत्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया। मेले में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ सावन माह में प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु झुमरीतिलैया स्थित झरनाकुंड से जल लेकर पैदल कांवर यात्रा करते हुए ध्वजाधारी आश्रम पहुंचते हैं। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक करने के साथ मेले में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ जुटती है। इसी को देखते हुए विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेले में विधिक सहायता केंद्र स्थापित कर लोगों को कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह और संतोष कुमार के अलावा पारा लीगल वॉलंटियर रविंद्र कुमार यादव, कंचन कपूर, पांडेय शेखर प्रसाद और प्रीति आर्या सहित अन्य लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि जरूरत पड़ने पर आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### चौथे व अंतिम सोमवारी को हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा गिद्दी व भुरकुंडा कोयलांचल

**गिद्दी।** पवित्र सावन माह की चौथे व अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर गिद्दी व भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न शिवालयों में भक्तो ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव और जय शिव शंभू के जयघोष से गुंजायमान हो गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां शिवभक्तों ने अपार श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं गिद्दी के मेनगेट, बड़ा शिवमन्दिर, थाना के समीप के शिवमन्दिर, साधु कुटियादोमुहानी, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा सिरका अरगड्डा होसिर, डाड़ी, कनकी समेत भुरकुंडा के बुढ़वा महादेव मंदिर में खीर का प्रसाद वितरण हुआ। जहां भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर रौशन रावत, अशोक तिवारी, सुनिल बैठा, भीखम राजभर, शम्भू दुबे, डब्लू पाण्डेय, गन्नी साव सोनकर, अशोक सिंह, अंगद पंडित, दिनेश गोड़, प्रकाश गोस्वामी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पुत्रदा एकादशी पर रामगढ़ में बाबा श्याम का हुआ आलौकिक श्रृंगार



**रामगढ़।** श्री श्याम मंदिर रामगढ़ में पुत्रदा एकादशी पर रविवार की रात अलौकिक श्रृंगार किया गया। सावन मास कि हरियाली एकादशी पर झुला में भी बाबा श्रृंगार किया गया, जिसे आने वाले सभी श्रद्धालुओं ने बाबा को झुला कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य पुजारी पंकज पांडेय ने विधिवत बाबा कि ज्योत प्रज्वलित कराया। यह कार्यक्रम देर रात एक बजे तक चला। पुत्रदा एकादशी पर आयोजित संकीर्तन का प्रारंभ कमल बगड़िया ने श्री श्याम चोरासी व गणेश वंदना से किया। इसके बाद स्थानीय श्रद्धालुओं ने अनेक लोकप्रिय भजनों से बाबा का श्रृंगार किया। जिसमें देना है तो दीजिए जन्म जन्म का साथ, हर जनम में बाबा तेरा साथ चाहिए, श्याम तेरे चरणों की धूली धन दौलत से महंगी है, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, सावन का महिना आ गया, चरणों का पुजारी हूं, तीन बाण के धारी की जय, साथी हमारा कौन बनेगा तुम नहीं सुनोगे तो कौन सुनेगा आदि प्रमुख रहे। ध्रुव सिंह, पीयुष शर्मा, निखिल गोयल, हर्षित पटवारी, इंद्र अग्रवाल, किर्ति अवंतिका करुणा सहित अन्य ने एक से एक भजन पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष विष्णु पोद्दार, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव पिंटू अग्रवाल, रोहित शर्मा, मुरारी अग्रवाल, राज कुमार चौधरी, श्याम सुंदर परसरामपुरिया, शंभू पटवारी, मनोज बंसल, इंद्र अग्रवाल, श्याम शर्मा, प्रकाश पटवारी, अनिल छाबड़ा आदि सेकंडों ने अर्जी लगाई।

### पारिवारिक कलह में घर से निकलीं दो बच्चियां, बोकारो स्टेशन पर मिलीं; पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**बोकारो।** पारिवारिक कलह से नाराज होकर उत्तर प्रदेश स्थित अपना घर छोड़कर ट्रेन से निकली दो नाबालिग बच्चियां सोमवार सुबह बोकारो रेलवे स्टेशन पर भटकती मिलीं। सूचना मिलते ही बोकारो पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों बच्चियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों मुगलसराय स्टेशन से ट्रेन में सवार हुई थीं और नींद खुलने पर बोकारो स्टेशन पर उतर गईं। पुलिस ने तत्काल उनके परिजनों से संपर्क स्थापित कर दोनों बच्चियों को सुरक्षित माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस से पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने का आग्रह किया गया है।

# बाबा बैद्यनाथ धाम जाने के पांच दशक पूरे, बांस से की थी कांवरयात्रा की शुरूआत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पलामू** :कहते हैं कि सच्ची आस्था के सामने गरीबी, उम्र, बीमारी और कठिन से कठिन परिस्थितियां भी छोटी पड़ जाती हैं। जब मन में बाबा का नाम हो तो रास्ते की मुश्किलें भी भक्ति के आगे हार जाती हैं। ऐसी ही अटूट आस्था की कहानी है पलामू जिले के लेस्लीगंज प्रखंड के ढेला गांव निवासी अजीत सिन्हा की, जिनकी बाबा बैद्यनाथ के प्रति श्रद्धा को पांच दशक पूरे होने जा रहे हैं। वर्ष 1977 में महज 22 वर्ष की उम्र में अजीत सिन्हा ने पहली बार बाबा नगरी देवघर जाने का संकल्प लिया था। उस समय उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी। जेब में सिर्फ 80 रुपये थे और कांवर खरीदने तक के पैसे नहीं थे। लेकिन बाबा के दर्शन और जलाभिषेक की इच्छा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने घर में उपलब्ध बांस से खुद कांवर तैयार की और उसी कांवर को कंधे पर रखकर देवघर की राह पकड़ ली। उस समय शायद उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि 80 रुपये और बांस की साधारण कांवर से शुरू हुआ यह सफर एक दिन उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी आस्था और पहचान बन जाएगा। दोस्तों ने भी उनका साथ दिया। पहली यात्रा के बाद बाबा के प्रति उनकी श्रद्धा लगातार गहरी होती गई और हर सावन उन्हें बाबा बैद्यनाथ के दरबार तक खींच ले गया। अजीत सिन्हा की बाबा नगरी यात्रा से जुड़ी कई यादें हैं, लेकिन एक घटना आज भी उन्हें भावुक कर देती है। उन्होंने बताया कि एक बार देवघर में यात्रा के दौरान वह आराम कर रहे थे। इसी दौरान एक नंदी उनके प्लास्टिक के पास आकर बैठ गया। आसपास ढोल-नगाड़े बज रहे थे। श्रद्धालु फल-फूल और तरह-तरह के प्रसाद लेकर नंदी को खिला रहे थे, लेकिन उसने किसी का प्रसाद ग्रहण नहीं किया। अजीत सिन्हा के पास भी कोई महंगा प्रसाद नहीं था। उनके झोले में केवल नीमकी और खजूर थे। उन्होंने श्रद्धा से वही नीमकी और खजूर निकालकर प्लेट में नंदी महराज के सामने रख दिए। उनके अनुसार, नंदी ने उनका प्रसाद ग्रहण कर लिया। यह दृश्य देखकर अजीत सिन्हा की आंखों में खुशी और भक्ति के आंसू छलक पड़े। ढोल-नगाड़ों के बीच वह भावुक होकर झूम उठे। कुछ देर बाद नंदी वहां से चला गया और फिर दिखाई नहीं दिया। अजीत सिन्हा के लिए यह महज एक घटना नहीं, बल्कि बाबा की कृपा का संकेत बन गई। वह आज भी उस पल को अपनी जिंदगी की सबसे अनमोल आध्यात्मिक स्मृतियों में से एक मानते हैं। बाबा बैद्यनाथ से जुड़ी एक और घटना को याद करते हुए अजीत सिन्हा बताते हैं कि एक बार वह अपनी पत्नी उर्मिला सिन्हा के अलावा अपने चार बच्चों के साथ देवघर गए थे। भारी भीड़ में उनकी पत्नी उनसे बिछड़ गईं। काफी खोजबीन के बाद वह उन्हें एक जगह भगवान शिव की प्रतिमा देखते हुए मिली। अजीत सिन्हा ने जब पत्नी से पूछा कि वह प्रतिमा क्यों देख रही हैं, तो उन्होंने कहा कि इसे इसलिए लेंगी कि जब अजीत 407 वाहन खरीदेंगे तो उसमें भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करेंगी।

## चक्रधरपुर में पुराने नगर परिषद भवन से युवक का शव बरामद, पुलिस की जांच जारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** :पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में सोमवार को पुराने नगर परिषद कार्यालय भवन के अंदर एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, कुछ स्थानीय लोगों की नजर पुराने नगर परिषद भवन के अंदर पड़े युवक पर पड़ी। काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर लोगों ने पास जाकर देखा तो वह मृत मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के क्षेत्रों में युवक की पहचान के लिए जानकारी जुटाई जा रही है और उसके संभावित ठिकाने का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि शव के बाहरी निरीक्षण में फिलहाल चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

## कारोबारी की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूमः** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को जमशेदपुर के कारोबारी निखार सबलोक (33) की गोली मारकर हत्या कर दी। कदमा के विजया हेरिटेज निवासी निखार को अपराधियों ने कांदरबेड़ा के पास स्थित होटल थेमाइट स्टोन के समीप निशाना बनाया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। हमले में उनके शरीर में चार गोलियां लगीं। बताया जाता है कि निखार किसी कारोबारी काम से सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र कांदरबेड़ा पहुंचे थे। इसी दौरान हथियार से लैस अपराधियों ने अचानक उन पर गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद उनके साथियों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना मिलते ही चांडिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और अपराधियों की पहचान के लिए घटनास्थल तथा आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हमलावर किस वाहन से पहुंचे थे और वारदात के बाद किस दिशा में फरार हुए। चांडिल थाना प्रभारी एसके तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस हत्या के पीछे के कारणों का भी पता लगा रही है। निखार सबलोक जमशेदपुर में कारोबारी गतिविधियों से जुड़े थे और होटल सहित कई कारोबार करने की जानकारी सामने आई है। पुलिस फिलहाल व्यावसायिक विवाद, आपसी रंजिश सहित हत्या के अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूमः** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के लाल बिल्डिंग स्थित गोल्डेन ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब डेढ़ किलो चांदी के आभूषण समेत चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार और अन्य सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सिटी एसपी ललित मीणा ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 19 अगस्त की रात करीब दो से तीन बजे के बीच अज्ञात अपराधियों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अपराधी दुकान से बड़ी मात्रा में चांदी के आभूषण और दो वजन करने वाली मशीनें लेकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद बागबेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा डीएसपी विधि व्यवस्था सुमित कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने मानवीय सूचना और तकनीकी शाखा से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गाड़ाबासा निवासी गोपीनाथ मुंडा उर्फ बुलेट 38 वर्ष और कोवाली निवासी गोप उर्फ सुगली के रूप में हुई है।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में फिर प्रशासनिक हलचल, रजिस्ट्रार का इस्तीफा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पलामूः** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में एक बार फिर प्रशासनिक बदलाव की आहट से हलचल तेज हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) नफीस अहमद ने अपने पद से हटने की इच्छा जताते हुए इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए कुलपति और उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजा है। कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह ने भी सोमवार को पत्र मिलने की पुष्टि की है। नफीस अहमद को वर्ष 2025 में विश्वविद्यालय का कुलसचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने तत्काल पद छोड़ने के बजाय करीब एक माह बाद जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की इच्छा जताई है। अब उनके इस्तीफे पर अंतिम निर्णय उच्च शिक्षा विभाग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद होगा। कुलसचिव का पद विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में संभावित बदलाव का असर परीक्षा, नामांकन, रिजल्ट और अन्य प्रशासनिक कार्यों पर पड़ने की आशंका है। खासकर विश्वविद्यालय के कई शैक्षणिक सत्र पहले से ही निर्धारित समय से पीछे चल रहे हैं। ऐसे में रजिस्ट्रार के इस्तीफे की खबर ने विद्यार्थियों की चिंता बढ़ा दी है। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय से पलामू, गढ़वा और लातेहार के हजारों विद्यार्थी जुड़े हैं। शैक्षणिक सत्र में देरी को लेकर छात्र संगठन पहले भी आवाज उठा चुके हैं। अब प्रशासनिक बदलाव की संभावित स्थिति ने लंबित कार्यों को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। वर्ष 2009 में स्थापित विश्वविद्यालय में समय-समय पर प्रशासनिक बदलाव होते रहे हैं। वर्ष 2025 में लंबे इंतजार के बाद कुलपति और कुलसचिव की नियुक्ति हुई थी। अब रजिस्ट्रार की इस्तीफे की पेशकश के बाद एक बार फिर विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था चर्चा के केंद्र में है।

# पलामू में सखी मंडल की दीदियों के राखी बिक्री केंद्र का शुभारंभ, 40 हजार राखियां बनाने का लक्ष्य

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**पलामू :** पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित राखियों के प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सखी मंडल की एक दीदी द्वारा उपायुक्त को राखी बांधने के साथ हुई। इसके बाद उपायुक्त ने फीता काटकर और राखियों का प्रदर्शन कर बिक्री केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सखी मंडल की दीदियों द्वारा तैयार राखियां स्थानीय महिलाओं के हुनर को आजीविका से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे समाहरणालय परिसर स्थित बिक्री केंद्र के अलावा अपने नजदीकी संकुल से भी सखी मंडल की दीदियों द्वारा तैयार राखियां खरीदें और स्थानीय महिला समूहों के प्रयासों को प्रोत्साहित करें। उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष सखी मंडल की दीदियों द्वारा 40 हजार राखियां तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल जिले के तीन प्रखंडों लेस्लीगंज, पड़वा और नावाबाजार में सखी मंडल की दीदियां राखी तैयार कर रही हैं। निर्मित राखियों की बिक्री जिले के सभी प्रखंडों में संकुल के माध्यम से की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक महिला समूहों के उत्पाद पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि सखी मंडल की दीदियां विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं। उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लोगों से स्थानीय स्तर पर तैयार राखियों को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता सी. केरकेट्टा, जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, इमरान अहमद, मिथिलेश कुमार, अख्तर अंसारी, अवकेश खलखो, शेखर लाल और बीपीओ सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप का आगाज, 271 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा




**पूर्वी सिंहभूमः** चाईबासा स्थित सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार से डीएवी स्पोर्ट्स 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप शुरू हुई। 24 और 25 अगस्त को आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड के 10 संकुलों के 26 डीएवी विद्यालयों से पहुंचे 271 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें 198 बालक और 73 बालिकाएं हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य सह एआरओ ओपी मिश्रा, समाजसेवी सुरेश प्रसाद सिंह, पर्यवेक्षक के रूप में डीएवी गुआ के प्राचार्य प्रवीण कुमार और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर चैंपियनशिप की औपचारिक शुरूआत की गई। उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद ध्वजारोहण, डीएवी गान, मार्च पास्ट और खिलाड़ियों को शपथ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत प्रेरणादायी गीतों ने समारोह में जोश और उत्साह का माहौल बना दिया। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण झारखंड वुशु संघ की टीम का प्रदर्शन रहा। गोकुलानंद मिश्र के निर्देशन में खिलाड़ियों ने वुशु की विभिन्न तकनीकों और कौशल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन को उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों ने सराहा। प्रधानाचार्य सह एआरओ ओपी मिश्रा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नियमित खेल गतिविधियों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे समर्पण और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की।

### जमशेदपुर में 26 अगस्त को निकलेगा 18वां मुत्तहिदा जुलूस-ए-मोहम्मदी, 500 से अधिक वालेंटियर संभालेंगे व्यवस्था




**पूर्वी सिंहभूमः** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर 26 अगस्त को जमशेदपुर में निकलने वाले 18वें मुत्तहिदा जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जुलूस को शांतिपूर्ण, अनुशासित और व्यवस्थित बनाने के लिए तंजीम अहले सुन्नत जमात की ओर से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों से जुलूस के दौरान अमन, भाईचारे, अनुशासन और इंसानियत का संदेश देने की अपील की जा रही है। धातकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलूम में सोमवार को तंजीम अहले सुन्नत जमात के उलेमा-ए-कराम ने प्रेसवार्ता कर जुलूस की तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। तंजीम के जनरल सेक्रेटरी और इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि इस वर्ष पैगंबर-ए-इंसानियत हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दुनिया में तशरीफ लाने के 1501 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी के मद्देनजर नबी-पाक की शान में 18वां मुत्तहिदा जुलूस-ए-मोहम्मदी भव्य रूप से निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि जुलूस में अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देने वाली हदीसों तथा इस्लाम की शिक्षाओं से जुड़े संदेशों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। शहर की मस्जिदों, मदरसों और विभिन्न गली-मुहल्लों में नबी-पाक की शान में बैनर लगाए गए हैं और आकर्षक सजावट की गई है। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों से जुलूस की गरिमा बनाए रखने तथा प्रशासन और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की जा रही है। तंजीम ने जुलूस में शामिल लोगों से खाना और तोहफे बांटने के साथ शिक्षा से जुड़ी सामग्री एवं किताबें भी वितरित करने का आह्वान किया है, ताकि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। जुलूस का नेतृत्व उलेमा-ए-कराम करेंगे और उनके पीछे अकीदतमंद अनुशासित तरीके से शामिल होंगे। जुलूस की व्यवस्था और यातायात नियंत्रण में सहयोग के लिए 500 से अधिक वालेंटियर तैनात किए जाएंगे। सभी वालेंटियर सेफ्टी टी-शर्ट और पहचान पत्र के साथ व्यवस्था संभालेंगे। आपात स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता तत्काल खाली कराने की जिम्मेदारी भी वालेंटियरों की होगी। तंजीम की ओर से जुलूस को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए लोगों से प्रशासन के निदेर्शों का पालन करने तथा पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

### गांजा के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार



**पलामूः** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के तिरौंधा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक किराना दुकान से 490 ग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में दुकान संचालक 19 वर्षीय युवक अंकित कुमार सिंह, पिता दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी कपिल चौधरी ने सोमवार दोपहर 1 बजे मामले की पुष्टि की। इधर, लेस्लीगंज के एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने पूरे मामले में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की शाम करीब 4:30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तिरौंधा गांव में अंकित कुमार सिंह अपनी किराना दुकान में गांजा रखकर खरीद बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में तरहसी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने दल बल के साथ तिरौंधा स्थित अंकित कुमार सिंह की दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान में एक काले रंग के पॉलीथिन में 490 ग्राम गांजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताते चलें कि इन दिनों पालम पुलिस के द्वारा नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री को लेकर ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# अरुण जेटली की पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री मंगल पांडेय और विधायक संजय गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी



**पटना:** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय अरुण जेटली की पुण्यतिथि के अवसर पर आज कंकड़बाग स्थित अरुण जेटली पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व मंत्री मंगल पांडेय एवं विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वर्गीय अरुण जेटली की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्वर्गीय अरुण जेटली के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके राष्ट्रसेवा में दिए गए योगदान को नमन किया। पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अरुण जेटली ने देश के विकास, आर्थिक सुधार, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका संपूर्ण सार्वजनिक जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होने कहा कि स्वर्गीय अरुण जेटली एक कुशल राजनेता, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट विधिवेत्ता और संगठन के समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और राजनीतिक सूझबूझ से सार्वजनिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई। केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि अरुण जेटली जी के विचार, कार्यशैली और आदर्श आज भी भाजपा के कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनके योगदान को देश और समाज लंबे समय तक याद रखेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव सहित रवि सिंह, निरंजन, राजू सिन्हा, अरुण माइकल, मुकेश सिन्हा, राजन, प्रदीप झा, चुनमुन सिंह, महाराज महतो एवं धनंजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वर्गीय अरुण जेटली के आदर्शों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने कहा कि उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को भी देश और समाज के प्रति समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। सभी उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अरुण जेटली की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की फारबिसगंज स्टेशन पर बंद डोरमेट्री की सुविधा फिर से बहाल करने की मांग

एजेंसी



**अररिया :**फारबिसगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए पहले डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध थी,लेकिन कुछ वर्षों से यह सेवा बंद कर दी गई है।जिसको लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राकेश रोशन ने डीआरएम समेत रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर बंद पड़े डोरमेट्री सेवा को स्टेशन पर फिर से बहाल करने की मांग की। रोशन ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार डिवीजन के अंतर्गत आने वाला फारबिसगंज जंक्शन भारतीय रेलवे के नए स्टेशन वर्गीकरण के अनुसार नन सब अरबन ग्रुप अर्थात एनएसजी 5 श्रेणी में होने के बावजूद एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर स्थित यह स्टेशन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के बीच महत्वपूर्ण इंटरचेंज की भूमिका निभाता है।व्यापारिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी फारबिसगंज जंक्शन का विशेष महत्व है। नेपाल सीमा के निकट होने के साथ-साथ यह क्षेत्र व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, विभिन्न कंपनियों के अधिकारी, व्यवसायिक प्रतिनिधि, रोजगार के सिलसिले में आने वाले लोग तथा रेल यात्री फारबिसगंज पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि फारबिसगंज रेलवे स्टेशन पर कुछ वर्ष पूर्व तक यात्रियों के लिए एक अच्छा और सुविधाजनक डोरमेट्री उपलब्ध था, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। इसके बंद होने से बाहर से आने वाले व्यापारियों, अधिकारियों और यात्रियों को ठहरने के लिए महंगे होटलों का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्टेशन शहर के बीचों-बीच स्थित है। ऐसे में रेलवे परिसर में सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती दर पर डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध होने से यात्रियों एवं व्यवसायिक वर्ग को काफी राहत मिलेगी। खासकर देर रात ट्रेन से पहुंचने वाले यात्रियों तथा अगले दिन की ट्रेन अथवा व्यावसायिक कार्य के लिए रुकने वाले लोगों के लिए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी साबित होगी। राकेश रौशन ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे एवं कटिहार मंडल के अधिकारियों से फारबिसगंज जंक्शन पर बंद पड़े डोरमेट्री को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनः चालू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेलवे यदि डोरमेट्री का जीर्णोद्धार कर इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती दर पर संचालित करता है।

# हरिहरनाथ मंदिर में मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने की पूजा-अर्चना

एजेंसी



**सारण :**विश्व विख्यात हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक बाबा हरिहरनाथ मंदिर में सोमवार को बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचे मंत्री ने विशेष भीड़ को देखते हुए आम श्रद्धालुओं की व्यवस्था का सम्मान करते हुए मंत्री ने भी आम जनता के लिए बनाए गए अर्घ्य सिस्टम के जरिए ही दर्शन, पूजन और जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा हरिहरनाथ से संपूर्ण क्षेत्र, प्रदेश और राष्ट्र में सुख, शांति तथा हरियाली की कामना की। पूजन के उपरांत बाबा हरिहर नाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह उर्फ लल्ला और कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने मंत्री को अंगवस्त्र, पुष्प माला, विशेष प्रसाद और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर धर्मनाथ मंदिर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित




एजेंसी

**सारण :**सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर बाबा धर्मनाथ मंदिर परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवी संस्था द्वारा अध्यक्ष डॉ. उज्ज्वल वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ब्लड टेस्ट तथा हड्डी एवं ऑर्थोपेडिक संबंधी जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को स्वच्छ रखने हेतु सदस्य कृष्ण प्रसाद के सौजन्य से डस्टबिन भी दान किए गए। मौके पर लायन डॉ विकास कुमार सिंह, मनोज वर्मा, डॉ मंझय शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे। पुजारी धनजी बाबा ने संस्था के इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

# बिहार विद्या साथी के शुभारंभ,छात्रों को मिलेगा नि:शुल्क लाइव शिक्षा का लाभ

एजेंसी



**अररिया :**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म बिहार विद्या साथी का शुभारंभ किया । कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के माध्यम से अररिया के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं भी जुड़ी।समाहरणालय स्थित एनआईसी के सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम विनोद दूहन समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे। बिहार विद्या साथी के माध्यम से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क लाइव शिक्षा 24 घंटे सातों दिन ऑनलाइन शिक्षक एवं लाइव ट्यूटर सपोर्ट के माध्यम से उपलब्ध होगा। विद्यार्थी अपनी पसंद के शिक्षक से पढ़ सकेंगे तथा पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित एवं निःशुल्क समाधान प्राप्त कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्यार्थियों को असीमित अध्ययन, डिजिटल टूल्स के जरिए कॉन्सेप्ट लर्निंग तथा गुणवत्तापूर्ण डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। इसके साथ ही बिहार बोर्ड की पढ़ाई के साथ जेईई एवं नीट की तैयारी की सुविधा भी मिलेगी। कार्यक्रम के उपरांत जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में बिहार विद्या साथी के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सभी पात्र विद्यार्थियों तक इसकी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्लेटफॉर्म की जानकारी उपलब्ध कराने, उन्हें नियमित उपयोग के लिए प्रेरित करने तथा तकनीकी अथवा अन्य किसी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

# बिहार के 700 मॉडल विद्यालयों में बिहार विद्या साथी शुरू, विद्यार्थियों को मिलेगा चौबीसों घंटे वन-टू-वन शिक्षक सहयोग

एजेंसी




**पटना :**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित ह्यसंकल्पह्न सभागार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 700 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल विद्यालयों में चौबीसों घंटे, सातों दिन, वन-टू-वन इंटरैक्टिव शैक्षणिक प्लेटफॉर्म ह्यबिहार विद्या साथीह्न का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई आसान होगी और उन्हें चौबीसों घंटे ऑनलाइन शिक्षक की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी 38 जिलों के 700 मॉडल विद्यालयों से शुरू की गई इस पहल से करीब तीन लाख विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चौबीस घंटे और सातों दिन लाइव शिक्षक उपलब्ध रहेंगे। विद्यार्थी अपनी आवश्यकता और पसंद के अनुसार शिक्षक का चयन कर उनसे वन-टू-वन संवाद के जरिए पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि करीब 75 हजार शिक्षक विद्यार्थियों को व्यक्तिगत शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेंगे। कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को सभी विषयों में तथा कक्षा 11वीं और 12वीं के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को लाइव ट्यूटर सपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बिहार बोर्ड, जेईई और नीट की तैयारी के लिए डिजिटल अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक एआई टूल्स के माध्यम से विद्यार्थियों की कॉन्सेप्ट लर्निंग को बेहतर बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को असीमित अध्ययन और अभ्यास की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि 700 मॉडल विद्यालयों से शुरू की जा रही यह व्यवस्था आगे राज्य के अन्य विद्यालयों तक विस्तारित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें तथा ज्ञान और कौशल के माध्यम से जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करें। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थी कहीं भी हों और जब भी पढ़ाई करें, उनके सवालों का जवाब और शिक्षक का सहयोग हमेशा उपलब्ध रहे। कार्यक्रम के दौरान ह्यबिहार विद्या साथीह्न ऐप पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर की छात्राओं जाहन्वी और जिया ने ऐप के उपयोग का डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने ऐप से मिलने वाली सुविधाओं और इसके लाभों की जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी और विद्यार्थी भी कार्यक्रम से जुड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### मांझी में तालाब में डूबने से युवक लापता



**सारण:** मांझी प्रखंड के नचाप गांव स्थित राम जानकी मंदिर के पास बने छठ घाट पोखरा में सोमवार दोपहर नहाने के दौरान एक 18 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया। लापता युवक गांव के ही शैलेश सिंह के पुत्र रितीश कुमार सिंह उर्फ धनु है। जानकारी के अनुसार रितीश अपने दोस्तों के साथ पोखरा में नहा रहा था, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगा। दोस्तों के प्रयास के बावजूद वह पानी में ओझल हो गया। खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी सीओ और सरकारी गोताखोर की टीम के न पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोग खुद अपने स्तर से खोजबीन में जुटे हैं और जल्द से जल्द गोताखोरों की तैनाती की मांग कर रहे हैं।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**किशनगंज:** सावन माह की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को किशनगंज जिले के विभिन्न शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, फूल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की तथा सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के गौशाला स्थित भूतनाथ शिव मंदिर में सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर में भीड़ को देखते हुए समिति और प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास व्यवस्था के साथ सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अंतिम सोमवारी के अवसर पर भूतनाथ गौशाला शिव मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार लखविंदर सिंह लक्खा ने फीता काटकर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की भी मौजूदगी रही। मंदिर समिति की ओर से भजन-कीर्तन और शिव भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट रहे। प्रमुख शिव मंदिरों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन या पूजा-अर्चना में किसी तरह की परेशानी न हो। धार्मिक मान्यता के अनुसार सावन की अंतिम सोमवारी को भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा और जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते जिले के विभिन्न शिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। मंदिरों में जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक बना रहा।

### आस्था का सैलाब, अंतिम सोमवारी पर गेरुआ रंग में रंगा सुल्तानगंज, बोल-बम के जयकारों के साथ देवघर रवाना हुए लाखों कांवड़िए




**भागलपुर:** पवित्र सावन महीने की चौथी और अंतिम सोमवारी के अवसर पर सुल्तानगंज में श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा। नमामि गंगे घाट से लेकर ऐतिहासिक अजगैबीनाथ गंगा घाट तक, जहां भी नजर जा रही थी, सिर्फ और सिर्फ शिव भक्तों का हुजूम दिखाई दे रहा था। अंतिम सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया, जिससे पूरा सुल्तानगंज इलाका गेरुआ रंग में रंग गया है। चारों तरफ 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के गगनभेदी जयकारे गूंज रहे हैं। देश के कोने-कोने से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद संकल्प कराकर कांवड़ में गंगाजल भरा और कतारबद्ध होकर बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पित करने के लिए देवघर की ओर रवाना हुए। भीड़ को देखते हुए गंगा घाटों पर सुबह से ही कांवड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। अंतिम सोमवारी होने के कारण श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। कांवरियों के जत्थे नाचते-झूमते बाबा धाम की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। बोल-बम के नारों से पूरा सुल्तानगंज शिवमय हो गया है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और कांवड़ियों की सुविधा के लिए घाटों से लेकर कांवड़िया पथ तक पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### इलाज के लिए मायागंज लाने के दौरान मुंगेर के 12 वर्षीय बच्चे की मौत

भागलपुर :मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर निवासी प्रेम कुमार के 12 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार की सोमवार को इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। बच्चा अपनी नानी के घर सौल आया हुआ था, जहां अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद यह दुखद घटना घटी। इस असमय मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे परिवार में मातम का माहौल है। परिजन से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात प्रीतम के पेट में अचानक हल्का दर्द हुआ था। उस समय परिजन ने उसे कोई दवा दी, जिससे दर्द ठीक हो गया और बच्चा सो गया। लेकिन सोमवार की सुबह अचानक उसकी हालत बेहद बिगड़ गई। बच्चे के शरीर में चमकी (दौरा) आने लगी और उसे सांस लेने में भारी तकलीफ होने लगी। बच्चे की बिगड़ती स्थिति को देखकर घबराए परिजन आनन-फानन में उसे प्राथमिक उपचार के लिए सौल ले गए। वहां मौजूद डॉक्टरों ने स्थिति को बेहद नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (मायागंज), भागलपुर रेफर कर दिया।

# सिरसा: खारे पानी में किसान ने तलाशा सुनहरा विकल्प, झींगा पालन से 65 लाख का कारोबार

एजेंसी



**सिरसा।** जिले के प्रगतिशील किसान गुरदीप सिंह ने खारे पानी को कमाई का जरिया बनाकर लाखों रुपये का कारोबार खड़ा किया है। 14 लाख रुपये के निवेश से शुरू हुआ यह सफर अब 65 लाख रुपये के वार्षिक कारोबार तक पहुंच गया है। गांव रघुआना के किसान गुरदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि खेती को लेकर चुनौतियां कम नहीं थी, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों को समस्या मानकर रुकने के बजाय उनमें संभावना तलाशने की कोशिश की। इसी तलाश ने उन्हें खेत से तालाब तक और फसल से झींगा पालन तक पहुंचाया।

आज गुरदीप सिंह की पहचान एक ऐसे प्रगतिशील किसान के रूप में बन रही है, जिन्होंने खारे पानी वाली जमीन में व्हाइट श्रिंप पालन को सफल व्यवसाय में बदल दिया। गुरदीप सिंह ने बताया कि पारंपरिक खेती में खारे पानी और सिंचाई की समस्याओं के कारण उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा था। उन्होंने कृषि से जुड़े सेमिनारों, विशेषज्ञों और ऑनलाइन माध्यमों से झींगा पालन के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। खारी जमीन में झींगा पालन की सफल कहानियों ने उन्हें इस दिशा में आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने मत्स्य विभाग से संपर्क किया और तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त किया। वर्ष 2019 में उन्होंने झींगा पालन की शुरूआत की। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत करीब 14 लाख रुपये की परियोजना लागत से एक हेक्टेयर क्षेत्र में दो तालाब तैयार किए गए। परियोजना के लिए उन्हें करीब 3.93 लाख रुपये की सब्सिडी मिली। बाद में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत दो और तालाब बनाए गए।

झींगा पालन का लाभ केवल गुरदीप सिंह तक सीमित नहीं रहा। इस व्यवसाय से 10 लोगों को प्रत्यक्ष और 15 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। साथ ही क्षेत्र के अन्य किसान भी झींगा पालन की संभावनाओं को समझने लगे हैं। गुरदीप सिंह का कहना है कि शुरूआत में बीमारी और बाजार भाव में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियां सामने आईं। उन्होंने जैव सुरक्षा उपायों, पानी के बेहतर प्रबंधन, प्रोबायोटिक्स के इस्तेमाल और अलग-अलग बिक्री चैनल विकसित करके इन समस्याओं का सामना किया।

जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने कहा कि सिरसा जैसे क्षेत्रों में जहां कुछ स्थानों पर खारे पानी के कारण पारंपरिक खेती प्रभावित होती है, वहां वैज्ञानिक तरीके से झींगा पालन किसानों के लिए आय का बेहतर वैकल्पिक साधन बन सकता है। गुरदीप सिंह का उदाहरण यह दिखाता है कि सरकारी सहयोग के साथ आधुनिक तकनीक और सही प्रबंधन अपनाकर किसान अपनी आय के नए स्त्रोत तैयार कर सकते हैं।

## रेलवे स्टेशनों पर पेयजल टैंकों और फिल्टर की विशेष सफाई, जांच अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए देशभर के रेलवे स्टेशनों पर पेयजल टैंकों और फिल्टर की सफाई एवं कीटाणुशोधन का विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत जोनल रेलवे पेयजल व्यवस्था से जुड़ी सभी सुविधाओं की व्यापक जांच करेंगे और कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रेलवे बोर्ड ने जोनल रेलवे को पेयजल के स्त्रोत, फिल्ट्रेशन और ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत और ओवरहेड टैंक, पीवीसी टैंक, वाटर बूथ, नल और पानी उपलब्ध कराने वाले स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। सभी पेयजल टैंकों को खाली कर उनकी गाद निकाली जाएगी, अच्छी तरह साफ करने के बाद उन्हें कीटाणुरहित किया जाएगा। टैंकों के ढक्कन और वेंट तथा ओवरफ्लो पाइप की भी जांच की जाएगी, ताकि पक्षियों, जानवरों और काई के कारण पानी दूषित न हो। अभियान के दौरान क्षतिग्रस्त टैंकों, पाइपलाइनों और फिल्टर की मरम्मत या जरूरत पड़ने पर उन्हें बदला जाएगा। पेयजल और गैर-पेयजल पाइपलाइनों के बीच किसी तरह का गलत कनेक्शन न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। पाइपलाइनों में लीकेज की जांच कर पानी की बबादी रोकने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे ने हैंडपंप और बोरवेल से पेयजल की आपूर्ति वाले स्थानों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। ऐसे स्त्रोतों से मिलने वाले पानी की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वह पीने के लिए सुरक्षित है। रेलवे स्टेशनों पर लगे वाटर कूलर और वाटर प्यूरिफिकेशन सिस्टम की भी व्यापक जांच की जाएगी। कूलर के टैंकों की सफाई, पाइप और नलों में लीकेज की मरम्मत तथा पानी लेने वाले स्थानों के आसपास पूरी स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। जहां जरूरत होगी, वहां यूवी और आरओ सिस्टम लगाए जाएंगे। पुराने या खराब सिस्टम की सर्विसिंग, ओवरहालिंग और फिल्टर कैंडल समेत अन्य जरूरी उपकरणों को समय पर बदला जाएगा। वाटर वेंडिंग मशीनों पर भी यही सफाई और गुणवत्ता संबंधी मानक लागू होंगे, ताकि इन मशीनों से मिलने वाला पानी सुरक्षित और स्वच्छ रहे।

## रामबन में जमीन धंसने और घरों में दरारें आने के बाद तीन परिवारों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया

एजेंसी

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के रामबन ज़िले के एक गाँव में जमीन धंसने और रिहायशी मकानों में दरारें आने की सूचना के बाद एहतियात के तौर पर 10 सदस्यों वाले तीन परिवारों को वहां से सुरक्षित निकाला गया।

अधिकारियों ने बताया कि चिनाब नदी के किनारे राजगढ़ तहसील के कुलथी चक्का कुंडी में जमीन धंसने से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत फैल गई खासकर हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद जिसने ज़िले के कई इलाकों को प्रभावित किया है। प्रशासनिक, राजस्व और बचाव दल प्रभावित इलाके में पहुंचे और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया।



राजगढ़ के तहसीलदार मेजर सिंह ने बताया कि भगत राम का एक गैर-रिहायशी ढांचा बह गया जबकि पिछले कुछ दिनों में जमीन धंसने के कारण चाट राम, चमन लाल और भूषण लाल के रिहायशी मकानों में दरारें आ गईं। सिंह ने कहा कि उन्होंने स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीम के साथ प्रभावित इलाके का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को वहां से हटाया। उन्हें अस्थायी रहने के लिए टेंट दिए गए। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार और अन्य अधिकारी गाँव में तैनात हैं और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि कई अन्य घरों में भी दरारें आ गई हैं और नुकसान हुआ है जिनमें देव राज, हरि राम, संतोष सिंह, फलाल सिंह और शशराम के घर शामिल हैं।

बीजेपी के रामबन ज़िला अध्यक्ष नीलम कुमार लंगेह ने भी प्रभावित इलाके का दौरा किया और प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजे और पुनर्वास की मांग की। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार के किसी भी मंत्री या विधायक के मौके पर न पहुंचने पर चिंता जताई और आरोप लगाया कि स्थिति का जायजा लेने के लिए कोई भी मंत्री या विधायक प्रभावित इलाके में नहीं आया। स्थानीय लोगों को आशंका है कि भारी बारिश के बाद बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट से पानी छोड़े जाने के कारण जमीन अस्थिर हो सकती है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जमीन धंसने और दरारें पड़ने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। सोमवार सुबह डोडा ज़िले में पुल डोडा के पास चिनाब नदी की तेज लहरों में बह गए एक व्यक्ति और रेत निकालने वाली नाव को एसडीआरएफ ने बचा लिया। अधिकारियों ने बताया कि बचाया गया व्यक्ति एक बाहरी मजदूर था जो रेत निकालने वाली मशीन का ऑपरेटर था। उसे एक निजी कंपनी ने काम पर रखा था जिसे इलाके में रेत निकालने का ठेका मिला था। उन्होंने कहा कि नदी से मशीनरी निकालने की कोशिशें अभी जारी हैं।

## मणिपुर के सेनापति जिले में गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान घायल, दो घर जलाए गए

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर के सेनापति जिले के तापहोऊ इलाके में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया, जबकि कम से कम दो घर जला दिए गए। इस घटना से नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया है। आग की घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर घरों को निशाना बनाकर आग लगाई, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, हालात को नियंत्रित करने के दौरान सुबह करीब 10 बजे दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें सीआरपीएफ की 36वीं बटालियन के सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) प्रदीप सिंह के बाएं पैर में गोली लग गई। उन्हें सेनापति अस्पताल ले जाया गया। यह गोलीबारी अज्ञात उपद्रवियों द्वारा अलग-अलग समुदायों के लोगों के दो घरों को जलाने के बाद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक घर कुकी समुदाय के सदस्य का था, जबकि दूसरा घर पोउमाई नागा समुदाय के सदस्य का था। हालात को काबू करने और हिंसा को बढ़ने से रोकने के लिए तापहोऊ इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि हथियारबंद कुकी समूह लियांगमाई नागा गांव पर हमला कर रहे थे। वहीं इस घटना के विरोध में लोगों ने सेनापति मुख्यालय के पास नेशनल हाईवे-2 को जाम कर दिया, जो इंफाल को डिमापुर से जोड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हाईवे पर टायर जलाए। तापहोऊ कुकी विलेज अथॉरिटी ने घर जलाए जाने की घटना की निंदा की और इसे ₹बेहद निंदनीय, अमानवीय और अस्वीकार्य₹ बताया। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से दोषियों की पहचान करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। हिंसा की कई घटनाओं के बाद इस इलाके में नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव पहले से ही बढ़ा हुआ है। इससे पहले 13 मई को नोनी और कांगपोकपी जिलों में दो अलग-अलग जगहों पर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमले किए थे।

## मणिपुर के सेनापति जिले में गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान घायल, दो घर जलाए गए

**इंफाल।** मणिपुर के सेनापति जिले के तापहोऊ इलाके में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया, जबकि कम से कम दो घर जला दिए गए। इस घटना से नागा और कुकी समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया है। आग की घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर घरों को निशाना बनाकर आग लगाई, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, हालात को नियंत्रित करने के दौरान सुबह करीब 10 बजे दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें सीआरपीएफ की 36वीं बटालियन के सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) प्रदीप सिंह के बाएं पैर में गोली लग गई। उन्हें सेनापति अस्पताल ले जाया गया। यह गोलीबारी अज्ञात उपद्रवियों द्वारा अलग-अलग समुदायों के लोगों के दो घरों को जलाने के बाद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक घर कुकी समुदाय के सदस्य का था, जबकि दूसरा घर पोउमाई नागा समुदाय के सदस्य का था।

## गुरुग्राम पुलिस ने रोहित गोदारा-लिपिन नेहरा गैंग के छह शूटर किए गिरफ्तार

एजेंसी

**हत्या और रंगदारी की साजिश को किया नाकाम**

**40 लाख के विदेशी हथियार, सात पिस्टल, राइफल और स्कॉर्पियो बरामद**

**दो लोगों की हत्या की थी प्लानिंग**




**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच सोहना ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात रोहित गोदारा और लिपिन नेहरा गिरोह के छह सक्रिय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये कीमत के चार विदेशी पिस्टल समेत सात हथियार, 33 कारतूस और एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की है। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी गुरुग्राम सहित हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर में रंगदारी और दो हत्या की बड़ी वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में थे। समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने दो संभावित हत्याओं को रोक दिया। यह कार्रवाई थाना भोंडसी में 18 अगस्त को दर्ज मामले के तहत दर्ज मामले में की गई। ऐसे पकड़े गए आरोपी क्राइम ब्रांच सोहना को सूचना मिली थी कि गैंग के सक्रिय सदस्य बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछाया। 19 अगस्त को अलीपुर मोड़, भोंडसी क्षेत्र से पुलिस ने चार आरोपियों सलीम, मोहित, नरेंद्र उर्फ सोनू और ललित को काबू किया। उनसे पूछताछ के बाद उसी दिन दयाराम को और 24 अगस्त को हरियाहेड़ा मोड भोंडसी से छठे आरोपी आर्यन उर्फ रितेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सलीम निवासी सोहना, मोहित निवासी अलीगढ़, नरेंद्र उर्फ सोनू निवासी अलीपुर सोहना, ललित निवासी रानियावास, कोटकासिम अलवर, दयाराम निवासी बिलासपुर गुरुग्राम और आर्यन निवासी जटवाड़ा जिला झज्जर के रूप में हुई है।

**विरोधी गैंग के दो लोगों की हत्या की थी साजिश** आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पुरानी रंजिश के चलते विरोधी पक्ष के दो व्यक्तियों की हत्या करने की फिराक में थे। वे अवैध हथियारों से लैस होकर वारदात की तैयारी कर रहे थे, लेकिन क्राइम ब्रांच की त्वरित कार्रवाई से उनकी योजना विफल हो गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में असलहा बरामद किया है। इसमें चार विदेशी पिस्टल, दो इंडियन पिस्टल, एक राइफल, 33 जिंदा कारतूस, नौ मैगजीन, एक स्कॉर्पियो गाड़ी शामिल है। पूछताछ में गैंग के आपराधिक काम करने का भी खुलासा हुआ। गिरोह विदेश में बैठे अपने आकाओं और भारत में मौजूद सदस्यों के बीच सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में रहता था। नए और पुराने अपराधियों को गैंग से जोड़कर रंगदारी वसूलना, हथियारों की व्यवस्था करना और शूटर्स के जरिए वारदात करवाना इनका मुख्य काम था। रंगदारी से आए पैसे का इस्तेमाल हथियार खरीदने और फरार आरोपियों को पनाह देने में किया जाता था। सभी शातिर बदमाश, लंबा है आपराधिक रिकॉर्ड पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सभी आरोपियों पर पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपी नरेंद्र पर 21 केस, सलीम पर 10 केस, दयाराम पर पांच केस, आर्यन पर चार केस और मोहित पर दो केस दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों, हथियार सप्लायरों और रंगदारी नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## एक नजर

### गिनी में कचरे का पहाड़ ढहा, भूस्खलन से 22 लोगों की मौत, बचाव अभियान जारी



**कोनाक्री।** गिनी की राजधानी कोनाक्री में रविवार तड़के भारी बारिश के बाद एक बड़े लैंडफिल में भूस्खलन से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। हादसा दार एस सलाम इलाके में स्थित शहर के प्रमुख कचरा डंपिंग स्थल पर हुआ, जहां कचरे का विशाल ढेर ढहकर आसपास बनी झोपड़ियों पर जा गिरा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गिनी की सिविल प्रोटेक्शन सर्विस ने शुरूआती आंकड़ों में कम से कम 22 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। घटना के समय तड़के करीब तीन बजे तेज बारिश हो रही थी। बारिश के कारण कचरे का विशाल ढेर खिसकने लगा और देखते ही देखते भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई। कचरे के मलबे में कई झोपड़ियां दब गईं। राहत एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचकर मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मिलिट्री इंजीनियरिंग बटालियन के सैनिटेशन अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल बाल्डे मामादोउ बैलो ने बताया कि इस लैंडफिल को रविवार को ही बंद किया जाना था। अधिकारियों ने पहले ही आसपास रहने वाले लोगों को इलाका खाली करने के नोटिस दिए थे। इसके बाद कई परिवार अन्य स्थानों पर चले गए थे, लेकिन हादसे के समय भी बड़ी संख्या में लोग इलाके में मौजूद थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे गिनी के टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन एंड डिसेंट्रलाइजेशन मंत्री डिएनाबू टुरे ने कहा कि प्रशासन वहां रह रहे शेष सभी परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की व्यवस्था करेगा। फिलहाल, घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान जारी है और प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### भारत की मदद से नेपाल में तैयार हुआ राहुघाट पावर प्रोजेक्ट, राष्ट्रीय ग्रिड में जुड़ेगी 40 मेगावाट बिजली



**काठमांडू।** नेपाल के म्याग्दी जिले में बनाई गई बहुप्रतीक्षित 40 मेगावाट क्षमता वाली राहुघाट जलविद्युत परियोजना का निर्माण पूरा हो गया है। भारत के एक्ज़िम बैंक के सहूलियतपूर्ण ऋण, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) के तकनीकी निवेश से इस परियोजना को भारतीय कंपनी जेपी एसोसिएट्स के द्वारा निर्माण किया गया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की सहायक कंपनी रघुगंगा हाइड्रोपावर द्वारा प्रवर्द्धित इस परियोजना में भौतिक निर्माण और उपकरणों की स्थापना का काम पूरा हो चुका है। अब परियोजना बिजली उत्पादन के अंतिम परीक्षण चरण में पहुंच गई है। परियोजना के सिविल निर्माण का ठेका भारतीय कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेपी) ने नवंबर 2017 में करीब 6 अरब नेपाली रुपये में लिया था। 45 महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन कोरोना महामारी, बाढ़, भूस्खलन और नदीजन्य निर्माण सामग्री की कमी के कारण परियोजना में देरी हुई। निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने के बाद ठेका अवधि कई बार बढ़ाई गई। परियोजना के इलेक्ट्रोमेकैनिकल कार्य के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ करीब 10.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर में समझौता किया गया था। परियोजना में भारत के एक्जिम बैंक से 67 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सहूलियतपूर्ण ऋण तथा नेपाल सरकार और नेपाल विद्युत प्राधिकरण का संयुक्त निवेश है। इसे इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कॉन्ट्रैक्ट (ईपीसी) मॉडल के तहत विकसित किया गया है। राहुघाट परियोजना से सालाना करीब 24 करोड़ 5 लाख 93 हजार 34 यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के प्रबंध निदेशक गणेश केसी के अनुसार बांध, डिसेंडर, सुरंग और स्विचयार्ड का परीक्षण सफल हो चुका है। 20 मेगावाट की एक यूनिट का परीक्षण भी पूरा हो गया है, जबकि दूसरी 20 मेगावाट की यूनिट का परीक्षण शुरू कर दिया गया है। केसी ने बताया कि दोनों यूनिटों के परीक्षण में करीब एक सप्ताह से 10 दिन लगने की संभावना है। इसके बाद व्यावसायिक रूप से बिजली उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। राहुघाट से उत्पादित बिजली को राष्ट्रीय ग्रिड में जोड़ने के लिए कालीगंडकी कॉरिडोर के तहत 220 केवी डबल-सर्किट दाना-कुश्मा प्रसारण लाइन में ह्यलिलोह्म माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए आवश्यक चार टावर और प्रसारण लाइन का निर्माण भी पूरा हो चुका है। परियोजना के पावरहाउस परिसर में निर्मित स्विचयार्ड का संचालन दो महीने पहले से शुरू हो चुका है।

### नेपाल में इस वर्ष शुरू होंगी कई बड़ी विद्युत प्रसारण लाइनें, नेपाल भारत अन्तदेर्शीय प्रसारण लाइन भी शामिल

**काठमांडू।** नेपाल विद्युत प्राधिकरण के अनुसार इसी साल दिसंबर तक कई महत्वपूर्ण विद्युत प्रसारण लाइनें इस वर्ष संचालन में आने वाली हैं। इनमें उच्च क्षमता वाली तीन नेपाल भारत अंतदेर्शीय प्रसारण लाइनें भी शामिल हैं, जिनके आगामी दिसंबर तक संचालन में आने का दावा किया गया है। इनमें भारत सरकार के सहयोग से बन रहे मुजफ्फरपुर-ढल्केबरझहेटौंडा और न्यू बुटवलझगोरखपुर प्रसारण लाइनें रणनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक दीघार्यु कुमार श्रेष्ठ के अनुसार निमार्णाधीन प्रसारण परियोजनाओं के पूरा होने से आवश्यकता के अनुसार बिजली को पूर्व से पश्चिम और पश्चिम से पूर्व तक प्रवाहित करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में आंतरिक प्रसारण प्रणाली की क्षमता कमजोर होने के कारण मांग के अनुसार बिजली का पूर्व-पश्चिम प्रवाह संभव नहीं हो पा रहा है। नई प्रसारण लाइनों से घरेलू बिजली आपूर्ति के साथ-साथ बिजली निर्यात में भी सहयोग मिलने की उम्मीद है। संचालन में आने वाली 132 केवी की सात प्रसारण लाइनें कोहलपुर, दैलेख : 32 किलोमीटर लंबी इस प्रसारण लाइन को अक्टूबर, 2026 तक संचालन में लाने का लक्ष्य है। कुल 101 टावरों में से 80 की नींव तैयार हो चुकी है, जबकि 32 टावरों का निर्माण पूरा हो गया है। बाकी टावरों का निर्माण पूरा कर परियोजना को संचालन में लाने की तैयारी है। कालीगंडकीझरिडी : 22.5 किलोमीटर लंबी इस प्रसारण लाइन के सभी 70 टावरों का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें से 8.55 किलोमीटर हिस्से में तार भी खींचा जा चुका है। इसे सितंबर के अंत तक संचालन में लाने की तैयारी है। भुमही, हुकाई : 14.4 किलोमीटर लंबी इस प्रसारण लाइन में कुल 47 टावर बनाए जाएंगे। इनमें 22 टावरों की नींव तैयार हो चुकी है। प्राधिकरण ने दावा किया है कि शेष काम 11 महीने में पूरा कर इसे आगामी दिसंबर 2026 तक संचालन में लाया जाएगा। अमरपुर, ढुंगेसाहु : 19.2 किलोमीटर लंबी इस प्रसारण लाइन को नवंबर में संचालन में लाने का लक्ष्य है। कुल 67 टावरों में से 62 की नींव तैयार हो चुकी है और 27 टावर पूरी तरह बन चुके हैं। अब बाकी टावरों का निर्माण और तार खींचने का काम किया जाएगा। लालबंदीझसिमलपुर : 20 किलोमीटर लंबी इस प्रसारण लाइन का निर्माण पूरा हो चुका है। आवश्यक तैयारियां पूरी करने के बाद इसे चार्ज करने की तैयारी की जा रही है।